page 1_Layout 1 29-09-2026 21:26 Page 1

अनमोल वचन

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 30 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :158 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



हरियाणा की निशानेबाज नीरू धांडा

एशियन गेम्स में भारत की बेटी ने रचा इतिहास

हरियाणा की निशानेबाज नीरू धांडा ने एशियन गेम्स 2026 में महिला ट्रैप शूटिंग के व्यक्तिगत मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। नीरू ने फाइनल में 30 में से 28 निशाने साधे और नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। वह एशियन गेम्स में व्यक्तिगत ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनकी इस शानदार जीत के साथ भारत ने प्रतियोगिता में अपना पांचवां

POK में बढ़ा पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा

25 हजार लोगों ने उठाई एलओसी हटाने और भारत से जुड़ने की मांग

- पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (PoK) में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शन अब नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। एलओसी से करीब 7 किलोमीटर दूर मंधोल गांव में हुए बड़े प्रदर्शन में आयोजकों के मुताबिक करीब 25 हजार लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने एलओसी हटाने, पुराने रास्तों को खोलने और भारत के जम्मू-कश्मीर से दोबारा संपर्क बहाल करने की मांग उठाई। मंधोल में जुटी भीड़ के बीच पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ नारे भी लगाए गए। प्रदर्शनकारियों की ओर से कहा गया कि लंबे समय से बुनियादी जरूरतों की अनदेखी की जा रही है और अब वे इस व्यवस्था को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी से जुड़े नेता सरदार अमान खान ने किया। एलओसी और उसकी फेंसिंग को हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का कंट्रोल खत्म करने और भारत के पुंछ-मेंढर क्षेत्र से पुराने संपर्क मार्ग खोलने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान POK में जरूरी सामान की कथित कमी का मुद्दा भी उठाया गया। राशन और जरूरी सामान की सप्लाई को लेकर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शनकारी नेताओं ने आरोप लगाया कि इलाके में लंबे समय से राशन की सप्लाई प्रभावित है।

आंदोलन में अब एलओसी तक पहुंचने की दिखी रणनीति

पॉक में कई महीनों से जारी आंदोलन के दौरान अब प्रदर्शनकारियों की मांगों का फोकस एलओसी पर भी बढ़ता दिखाई दे रहा है। मंधोल की सभा में एलओसी के पास धरना देने और नियंत्रण रेखा को स्वीकार नहीं करने की बात कही गई। वहीं, प्रदर्शनकारी नेता पाकिस्तान सरकार से अपने अधिकारों, आपूर्ति व्यवस्था और जम्मू-कश्मीर के भारतीय हिस्से से पुराने संपर्क मार्गों को लेकर लगातार मांग उठा रहे हैं।

एफबीआई की मोस्ट वांटेड लिस्ट में गोल्डी बराड़ का नाम

सूचना देने पर 10 करोड़ का इनाम

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को अपनी Top-10 Most Wanted सूची में शामिल किया है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने पर 10 लाख डॉलर यानी करीब 9.5 करोड़ रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। अमेरिकी सरकार गोल्डी बराड़ को लॉरेंस ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप का उत्तरी अमेरिका में प्रमुख ऑपरेशनल लीडर बताती है। अमेरिकी आरोपों के मुताबिक, बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई पर 2023 में कनाडा में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आदेश देने का आरोप है। निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने इसी साल जुलाई में पहली बार चार्जशीट दाखिल की थी।

जेल से अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क चलाने का आरोप

***अमेरिकी** जांच एजेंसी के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई भारतीय जेल में रहते हुए भी कथित तौर पर अपने आपराधिक नेटवर्क को संचालित करता रहा। आरोप है कि जेल में तस्करी के जरिए पहुंचाए गए मोबाइल फोन और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस की मदद से हत्या, रंगदारी, अपहरण, ड्रग्स और मानव तस्करी जैसी गतिविधियों को निर्देशित किया जाता था।*

नानकसर संप्रदाय के प्रमुख ने ऐतिहासिक 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान (संशोधन) अधिनियम, 2026' पारित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सराहना की

कहा कि यह कानून सिख समुदाय के आहत हृदयों पर मरहम लगाएगा और बेअदबी की घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होगा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः नानकसर संप्रदाय के प्रमुख बाबा लक्खा सिंह जी ने आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की और ऐतिहासिक 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान (संशोधन) अधिनियम, 2026' पारित करने के लिए पंजाब सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कानून सिख समुदाय के आहत हृदयों पर मरहम लगाएगा और बेअदबी की घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होगा। बाबा लक्खा सिंह जी ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को गुरु घर की बख्शिश के रूप में सिरोपा भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शब्द गुरु, साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मान, पवित्रता और मर्यादा को कायम रखना उनकी सरकार का मूल कर्तव्य है और वह इस सेवा को वाहेगुरु द्वारा सौंपी गई बख्शिश मानते हैं। इस दौरान नानकसर संप्रदाय के प्रमुख बाबा लक्खा सिंह जी ने कहा, जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान (संशोधन) अधिनियम, 2026 का पारित होना बेहद महत्वपूर्ण और मिसाल कायम करने वाला कदम है। इसने बेअदबी की बार-बार होने वाली घटनाओं के कारण समूचे सिख समुदाय के आहत हृदयों पर मरहम लगाया है। यह कानून श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मान और पवित्रता की रक्षा के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷सरकार ने बेअदबी की घटनाओं के विरुद्ध कानून को मजबूत करके महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऐसा कानून 'शब्द गुरु' की मर्यादा को कायम रखने और ऐसी घटनाओं से सख्ती से निपटने में मददगार साबित होगा, जिससे सिख समुदाय का विश्वास और मजबूत होगा। बाबा लक्खा सिंह जी ने मुख्यमंत्री



भगवंत सिंह मान को समूची मानवता और विशेष रूप से सिख पंथ की सेवा के लिए सम्मान स्वरूप सिरोपा भेंट किया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷मैं बाबा जी का दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। शब्द गुरु, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मर्यादा और पवित्रता को कायम रखना राज्य सरकार का मूल कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हमारी सरकार पंजाब की प्रगति और लोगों की खुशहाली के लिए महान गुरु साहिबानों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम राज्य में शांति, भाईचारे और सद्भावना बनाए रखने तथा सांप्रदायिक सद्भाव की गाँठों को और मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, वाहेगुरु ने मुझे 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान संशोधन अधिनियम, 2026' लागू करके मानवता की सेवा करने का सौभाग्य प्रदान किया है, जिसमें बेअदबी के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। मुझे उम्मीद है कि यह कानून भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होगा और कोई भी व्यक्ति ऐसा अपराध करने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा, मैं यह दावा करने वाला कौन हूं कि यह कानून मैंने पारित किया है? यह सेवा तो गुरु साहिब ने मुझसे ली है, जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं। परमात्मा अपने चुने हुए व्यक्ति से ही ऐसी सेवा लेते हैं और मैं स्वयं को गुरु साहिब का एक विनम्र सेवक मानता हूं, जिसे यह कार्य सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी प्रत्येक सिख के लिए पिता के समान हैं और इनकी पवित्रता को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यदि राज्य सरकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मर्यादा और पवित्रता सुनिश्चित नहीं कर सकती तो फिर कोई और ऐसा नहीं कर सकता। इसलिए हम 'शब्द गुरु साहिब' की पवित्रता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ÷हम सौभाग्यशाली हैं कि ऐसा ऐतिहासिक कानून पारित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार को सौंपी गई है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह कानून भविष्य में ऐसी घटनाओं पर पूर्ण रोक लगाने में मदद करेगा।

एलपीयू मामले पर सियासत तेज, कांग्रेस सांसद चन्नी और रंधावा ने 'आप' सरकार पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के फगवाड़ा की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हुई घटना को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में प्रेस से बात करते हुए पंजाब की कानून-व्यवस्था और आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने एलपीयू मामले पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ÷वास्तविक स्थिति तो वहां जाकर ही पता चलती है। जो दुष्कर्म हुआ, उसकी रिपोर्ट भी दर्ज होनी चाहिए थी। उसके बाद बाहरी लोगों ने वहां जाकर गुंडागर्दी की। पुलिस द्वारा ही ये गुंडागर्दी प्रायोजित थी।÷ चन्नी ने आरोप लगाते हुए कहा कि एलपीयू के मालिक अशोक मित्तल के भाजपा में शामिल होने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी को बर्बाद करने का प्रयास किया है। उन्होंने सवाल उठाया, इसका कौन जिम्मेदार है? कितनी देर तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बलात्कार की घटना के बाद एफआईआर होनी चाहिए थी लेकिन क्यों नहीं हुई? छात्रों को बुरी तरह पीटा गया, इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

वहीं, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा, ÷एलपीयू में जो हुआ है, उसे पहले ही सरकार को नियंत्रण में लेना चाहिए था। सरकार ने बहुत बाद में सक्रियता दिखाई। इतने घंटों तक छात्र सड़कों पर रहे, धरना-प्रदर्शन करते रहे, ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। ऐसी घटनाएं रुकनी चाहिए। रंधावा ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा, पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में किसे नहीं पता? क्या केंद्र सरकार को नहीं पता? हम गृह मंत्री को मिलते हैं, क्या उन्हें इस स्थिति के बारे में नहीं पता? देखिए, वहां जो कार्रवाई हुई उसमें देरी हुई और विरोध-प्रदर्शन कई दिनों तक चलता रहा और हाईवे भी जाम रहा। पुलिस को पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने ऐसा नहीं किया और यह गलत है। पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। चाहे आप चिटकारा यूनिवर्सिटी या लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जैसे विश्वविद्यालयों को देखें, या पंजाब के किसी भी अन्य जिले को, कुल मिलाकर स्थिति बहुत खराब है। रंधावा ने केंद्रीय गृह मंत्री के प्रस्तावित पंजाब दौरे को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि गृह मंत्री कल दौरा करेंगे।

'रैली बाद में, पहले हिसाब दो' अमित शाह के दौरे से पहले परगट सिंह ने बेजेपी को घेरा

डेली आवाज भारती



केंद्र सरकार के नौकरियों के दावे रहे फेल

वहीं केंद्र सरकार द्वारा नौकरियों को लेकर भाजपा पर तंज कसते हुए परगट सिंह ने कहा कि केंद्र के दावे फेल साबित हुए है। ऐसे में नौकरियां ना मिलने से बच्चे निराश हैं। नौजवानों को नौकरियां और अन्य साधन नहीं मिल रहे। उन्होंने दावा किया है कि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

जालंधर। पंजाब में भाजपा नशे के खिलाफ रैली निकाल रही है और इसे लेकर ही देश के गृहमंत्री अमित शाह पंजाब का दौरा करेंगे। उनके दौरे से पहले कांग्रेसी विधायक परगट सिंह ने भाजपा और अमित शाह से सवाल किए हैं वह बताकर जाएं कि पिछले 15 सालों में नशे को रोकने के लिए क्या काम किए हैं। परगट सिंह ने कहा कि उन्हें भाजपा की नशे के खिलाफ रैली निकालने से कोई एतराज नहीं है। गृहमंत्री ने बॉर्डर एरिया पर 50 किलोमीटर दायरा बढ़ाया गया था। ऐसे में कंटीली तारें लगाई थी। गृहमंत्री भाजपा ने नशे पर कितना काम किया है, वह जालंधर दौरे में जवाब देकर जाएं। परगट ने कहा कि भाजपा के मंत्री सिर्फ पंजाब में राजनीति करने आते है। पंजाब से ज्यादा नशा गुजरात के पोर्ट से आता है और भाजपा ने उस नशे के खिलाफ क्या काम किया है। गृह मंत्री अमित शाह जालंधर दौरे पर जवाब देकर जाए कि 15 सालों में राजनीति के अलावा उन्होंने नशे पर क्या काम किए है।

एसजीपीसी सेक्रेटरी के अकाउंट से बहरीन की महिला के अकाउंट में 1 लाख ट्रांसफर

हरजिंदर धामी बताएं कि संगत का पैसा कहां खर्च हुआ : बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ : आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के जनरल सेक्रेटरी और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेताओं सुखबीर सिंह बादल, हरसिमरत कौर बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ-साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी की सराय में रह रही एक बहरीन की महिला के आरोपों पर लगातार चुप्पी पर सवाल उठाया। बलतेज पन्नू ने कहा कि वह इस मामले पर पहले ही करीब चार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं, लेकिन सिख समुदाय के उठाए गए सवालों का अभी तक जवाब नहीं मिला है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, ÷हरसिमरत कौर बादल महिलाओं के मुद्दों पर प्रोग्राम और रैलियों में हिस्सा ले रही हैं, लेकिन एक महिला के महीनों तक एसजीपीसी की साड़ी में रहने से जुड़े आरोपों पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। वह इन सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रही हैं? जब एक महिला के साथ हुए बर्ताव और एसजीपीसी के रिसोर्स के इस्तेमाल पर सवाल उठ रहे हैं, तो चुप्पी क्यों है? बलतेज पन्नू ने कहा, बिक्रम सिंह मजीठिया भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बजाय वीडियो जारी कर रहे हैं, जहां उन्हें पत्रकारों के सवालों का सामना करना पड़ेगा। अगर बिक्रम सिंह मजीठिया के पास जवाब हैं, तो उन्हें मीडिया के सामने आकर सवालों का जवाब देना चाहिए। हरजिंदर सिंह धामी पर सवाल उठाते हुए बलतेज पन्नू ने कहा, धामी साहब ने मीडिया का सामना करने के बजाय एक वीडियो भी जारी किया है। आज जब पटियाला में मीडिया ने उनसे सवाल पूछे तो उन्होंने फिर कहा कि वह इस मामले पर कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि वह वहां किसी और काम से आए थे। हरजिंदर सिंह धामी कब प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और इन सवालों का जवाब देंगे? आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने कहा, यह कोई साधारण राजनीतिक विवाद नहीं है। एक एसजीपीसी संगठन, एसजीपीसी के रिसोर्स और जिस तरह से एक महिला को महीनों तक वहां रखा गया, उस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सिख समुदाय को सवाल पूछने और साफ जवाब पाने का पूरा हक है। बलतेज पन्नू ने एसजीपीसी द्वारा बनाई गई चार सदस्यों वाली जांच कमेटी पर सवाल उठाते हुए कहा, मैंने अपनी पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यह सवाल उठाया था कि जूनियर लोग सीनियर लोगों से कैसे पूछताछ करेंगे? उन्होंने कहा, महिला ने कहा है कि उसने हरजिंदर सिंह धामी और सुखबीर सिंह बादल को सब कुछ बता दिया था। क्या यह कमेटी हरजिंदर सिंह धामी से पूछताछ करेगी?



एलपीयू बवाल पर सुखबीर बादल बोले-वॉकीटॉकी और हथियारों के साथ पकड़े गए बाहरी लोग, रची गई साजिश

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में छात्रों के हंगामे और बाहरी लोगों की घुसपैठ के मामले ने अब पंजाब की सियासत में तूफान ला दिया है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आम आदमी पार्टी (आप) और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सीधा हमला बोला है। सुखबीर बादल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, यह हैरान करने वाली बात है कि एलपीयू के अंदर वॉकी-टॉकी और हथियार लिए हुए गुंडे पाए गए और बहादुर छात्रों ने ही उन्हें पकड़ा और गिरफ्तार करवाया। पकड़े गए लोग बाहरी हैं, जिससे यह साबित होता है कि यह एक बड़ी साजिश है। मैं पूछना चाहता हूं कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एफआईआर कहां दर्ज की है? सुखबीर बादल ने कहा कि यह 'आप' के लिए कोई नई बात नहीं है। उन्होंने मलेरकोटला की



घटना का जिक्र करते हुए लिखा, हमने मलेरकोटला में भी ऐसा ही पैटर्न देखा था, जहां 'आप' के नेता नरेश यादव पवित्र कुरान शरीफ के अपमान में शामिल थे और उन्हें जेल हुई थी। बादल ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल और उनके दिल्ली के नेता अब ऐसी घटनाओं के जरिए पंजाबियों का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ईडी की रेड में 10,000 करोड़ रुपए के घोटाले के हालिया खुलासों से ध्यान हटाना चाहती है। बादल ने लिखा, वे इस बात से ध्यान हटाना चाहते हैं कि उनका गुट चंडीगढ़ में सरकारी बंगलों पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए है और पंजाब को प्रॉक्सी के जरिए चलाने की कोशिश कर रहा है। शिअद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने उन्हें गुरुद्रोही बताते हुए कहा कि मान एक बार फिर पंजाब को निराश करने में सफल रहे हैं। बादल ने पोस्ट में कहा, सीएम भगवंत मान की मुख्य जिम्मेदारी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से छोड़ दी है। छात्रों की सुरक्षा करने के बजाय वह राजनीतिक फायदे के लिए सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

भाजपा सरकार बनी तो दो साल में नशा, माफिया और बेरोजगारी पर लगेगी लगाम : रवनीत बिट्टू

डेली आवाज भारती

कहा, पंजाब को नशा मुक्त बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प

लुधियाना,। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की आम आदमी पार्टी सरकार को घेरने के लिए शुरू की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' मंगलवार को लुधियाना पहुंची। इस दौरान दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी, पूर्व मंत्री रवनीत बिट्टू भी मौजूद रहे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पंजाब को नशा मुक्त बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। पंजाब में नशे को नियंत्रित करने का वादा किया गया था और इसी वादे के आधार पर आप आपकी भगवंत मान सरकार सत्ता में आई थी। छह महीने



में पंजाब को नशामुक्त करने की बात कही गई थी, लेकिन आज नशे का प्रकोप दिखाई दे रहा है और गांव-गांव में युवा नशे की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार नशे पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि वह पंजाब के अपने भाई-बहनों से अपील करने आए हैं कि पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करें। पंजाब को नशे से मुक्त कराना है और यह काम भाजपा सरकार में संभव है। आम आदमी पार्टी बहाने बनाने में माहिर है, लेकिन जनता सरकार के पांच साल के काम का हिसाब देख रही है। पंजाब की वर्तमान स्थिति खराब होती जा रही है और इसी के विरोध में भाजपा नशामुक्त पंजाब के लिए सड़कों पर उतर रही है। पूर्व मंत्री रवनीत बिट्टू ने कहा कि मौजूदा सरकार ने जनता से झूठे वादे किए। आपने जैसे दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया था, वही काम पंजाब में भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों ने तीन बार विश्वास जताया है। उन्होंने देश में विकास करके दिखाया है। पंजाब की जनता भी भाजपा पर विश्वास करेगी।

CMYK

page 2_Layout 1 29-09-2026 16:53 Page 1

हरियाणा के सभी विभाग सुशासन और उत्कृष्टता के लिए बेस्ट प्रैक्टिसज पर जोर दें : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न विभागों में ऐसी कार्यप्रणालियों और नवाचारों को अपनाने पर विशेष जोर दिया है, जिनसे सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणामों में सुधार हो। इसी के ी में सोमवार को मुख्यमंत्री के समक्ष उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा लोक निर्माण विभाग ने अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज और उपलब्धियों से संबंधित प्रस्तुतियां दी। इस दौरान संस्थागत उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं नवाचार, डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग, नागरिक सहभागिता तथा प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। *विकसित किए जा रहे 'मॉडल संस्कृति कॉलेज'* उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी कॉलेजों को उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में विकसित करने के लिए हर जिले में एक कॉलेज को 'मॉडल संस्कृति कॉलेज' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 23 सरकारी कॉलेजों की पहचान की गई है, जिन्हें वर्ष 2029 तक संस्थागत उत्कृष्टता के स्तर तक ले जाने का लक्ष्य है। इन कॉलेजों में विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम, डिजिटल एवं ब्लेंडेड लर्निंग, उद्योगों के साथ सहयोग, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप, विशेषज्ञ व्याख्यान, वर्चुअल लैब, ई-संसाधन, इनक्यूबेशन सेंटर तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग को बे ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुसंधान व नवाचार को बे ावा देने के लिए हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड स्थापित किया गया है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसकी सराहना नीति आयोग ने भी की है। इस फंड के अंतर्गत शोध कार्यों में लगे संस्थानों के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2025-26 में इसके लिए 20 करो रुपये का प्रावधान किया गया है। गत वर्ष उच्च शिक्षा संस्थानों से सहायता के लिए 350 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 90 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों में कृषि एवं ग्रामीण विकास, औद्योगिक नवाचार एवं उद्यमिता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एडटेक, आयुष, योग, जलवायु एवं जल संरक्षण, कौशल एवं रोजगार तथा समावेशन शामिल हैं। इसके साथ ही उच्च शिक्षा गुणवत्ता एवं अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए 20 करो रुपये के अलग फंड की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों को पेटेंट के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति पेटेंट 50 हजार रुपये तक पंजीकरण शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी कॉलेजों में नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों के लिए टीचर्स इंडक्शन प्रोग्राम शुरू किया गया है। लगभग 2,000 नए सहायक प्रोफेसरों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण मॉडल तैयार किया गया है। इसमें व्यावसायिक नैतिकता, मेंटरिंग, समग्र विद्यार्थी विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान परंपरा, शासन व्यवस्था, उद्योग से जु ाव, अनुसंधान, नवाचार और समावेशी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी जैसे विषय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता के मद्देनजर शिक्षकों का प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में टीचर ट्रेनिंग के लिए प्रदेश में कम से कम चार स्थानों पर सेंटर बनाए जाएं और प्रत्येक शिक्षक की नियुक्ति के बाद शिक्षण कार्य शुरू करने से पहले उसकी ट्रेनिंग की जानी सुनिश्चित की जाए। एके सिंह ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बे ावा देने के लिए परफॉर्मेंस-बेस्ड रैंकिंग की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं।

करप्शनः 5 हजार रुपये रिश्वत लेते नगर निगम के टैक्स ब्रांच का क्लर्क रंगे हाथ गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



करनाल। भ्रष्टाचार के खिलाफ हरियाणा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने करनाल में कार्रवाई करते हुए नगर निगम करनाल की टैक्स शाखा में तैनात क्लर्क गौरव को 5,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली है।

शिकायतकर्ता ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसके पिता धर्मबीर एवं माता परमजीत कौर, जो उक्त मकान के मालिक हैं, की प्रॉपर्टी आईडी में श्रेणी संबंधी सुधार करवाना है। इसके लिए शिकायतकर्ता द्वारा नगर निगम करनाल के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सुधार के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि नगर निगम करनाल की टैक्स शाखा में तैनात क्लर्क गौरव द्वारा उक्त सुधार करने के एवज में शिकायतकर्ता से 5,000 रुपये रिश्वत की मांग की गई। शिकायत प्राप्त होने के बाद एसीबी करनाल की टीम ने शिकायत का नियमानुसार सत्यापन करते हुए ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी क्लर्क गौरव को करनाल स्थित नए बस स्टैंड परिसर में शिकायतकर्ता से 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत की राशि मौके से बरामद कर ली गई। यह पूरी कार्रवाई राजपत्रित अधिकारी एवं शैडो गवाह की मौजूदगी में की गई।

एसीबी करनाल की टीम ने की कार्रवाई

यह ट्रैप कार्रवाई, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल की टीम द्वारा की गई। आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी संख्या 26, दिनांक 29 सितंबर 2026, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल में मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगामी जांच नियमानुसार अमल में लाई जाएगी।

चिंतपूर्णी से कलिकालेश्वर जाने के लिए 125 यात्रियों का जाथा हुआ रवाना



डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : माँ चिंतपूर्णी सेवक सभा छेहरटा (ऋश्वलष्ठ) की ओर से चेयरमैन- राजन मेहता, कैशियर- दीपक रामपाल, परदान- हरदेव सिंह की अगवाई में चिंतपूर्णी से कलिकालेश्वर जाने के लिए 125 यात्रियों का जाथा हुआ रवाना, प्रधान हरदेव सिंह के घर बेटा होने की खुशी में बैंडबजो ढोल ढमाको से बसो को किया रवाना किया गया।बस यात्रा, छेहरटा पेट्रोल पंप से बड़ी ही धूमधाम रवाना किया गया वही आरती देवा जी, एडवोकेट - अरवीन भकना जी) की ओर से हजारी बारी गई। चेयरमैन - राजन मेहता ने कहा कि हम पिछले 7 साल से बस यात्रा चल रहे हैं, हमारा बस यात्रा चलने का मकसद यही है कि लोगों को धर्म के साथ जुड़ना और नशे से दूर रखना है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन - मंजीत कालिया जनरल सेक्रेटरी- विशाल शर्मा, शुभम शर्मा, रजत शर्मा, राजू तिवारी, संदीप पाल, आशु ओंकार मेहता, यशपाल रामपाल, आदित्य मेहता, अदी मजूद थे।

कांग्रेस पार्षद विकास सोनी का नगर निगम पर गुस्सा फूटा, उन्होंने बुनियादी सुविधाओं के ठप होने पर ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) शहर में बुनियादी सुविधाओं की खराब हालत और नगर निगम में कथित तौर पर बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्षद विकास सोनी के नेतृत्व में पार्टी के पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने नगर निगम ऑफिस पर ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर विकास सोनी ने मीडिया से बात करते हुए सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और निगम अधिकारियों पर लोगों के टैक्स के पैसे को कथित तौर पर लूटने का आरोप लगाया। विकास सोनी ने कहा कि आज शहर के लोग परेशान हैं। पूरा सीवेज सिस्टम चरमरा गया है, जिसकी वजह से घरों के नलों से गंदा और बदबूदार पीने का पानी आ रहा है। इस गंदे पानी को पीने से घरों में बच्चे और बुजुर्ग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा, शहर की सड़कें और गलियां टूटी हुई हैं और स्ट्रीट लाइटें भी बंद हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासी ईमानदारी से टैक्स दे रहे हैं, लेकिन निगम प्रशासन उस पैसे को शहर के विकास और रखरखाव पर खर्च करने के बजाय अपनी जेबें भरने और भ्रष्टाचार में बर्बाद करने में लगा हुआ है।

कचरा निपटान और डंप के मुद्दे पर बोलते हुए सोनी ने एक प्राइवेट कंपनी 'ट्रिपल आर' को दिए गए टेंडर पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह टेंडर दिल्ली से जुड़े चहेतों को दिया गया है। उनके मुताबिक, कंपनी को हर महीने करीब साढ़े पांच से छह करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं, जबकि ग्राउंड लेवल पर 10 से 20 परसेंट काम भी नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने के बावजूद कंपनी पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम कमिश्नर से कई बार शिकायत की गई, लेकिन नीचे से ऊपर तक कमीशन का कथित खेल चल रहा है। इस बीच, विकास सोनी ने क्लक्षस प्रोजेक्ट को लेकर बड़े घोटाले के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शहर में क्लक्षस प्रोजेक्ट पंजाब और केंद्र सरकार ने करीब 600 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया था। अब मौजूदा सरकार और अधिकारियों ने मिलकर इसे तोड़ने का टेंडर अपने पसंदीदा कॉन्ट्रैक्टर को दे दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निगम ने 50,000 रुपये देकर यह काम दिया, जबकि अगर खुली और पारदर्शी नीलामी होती, तो निगम स्क्रैप और तोड़ने से कम से कम 8 से 10 करोड़ रुपये कमा सकता था। निगम के कामकाज पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी ष्ट कमरों में बैठकर सिर्फ प्रॉपर्टी डीलिंग और दलाली का काम कर रहे हैं और फील्ड में जाने को तैयार नहीं हैं। विकास सोनी ने चेतावनी दी कि अगर शहर की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जाम लगाएंगे और लापरवाह अधिकारियों के ऑफिस में ताला लगाकर उन्हें घर बैठने पर मजबूर किया जाएगा



ब्लॉक कादियां-1 के स्कूलों में गाइडेंस गतिविधियों की समीक्षा



डेली आवाज भारती

कादियां/बटाला, (अमनदीप संधू):जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) गुरदासपुर और स्टेट अवार्डी राजेश कुमार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आज जिला गाइडेंस काउंसलर मुकेश वर्मा द्वारा ब्लॉक कादियां-1 के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर गाइडेंस एवं काउंसलिंग गतिविधियों का जायजा लिया गया। इस मौके पर ब्लॉक कादियां-1 के ब्लॉक गाइडेंस काउंसलर विपिन कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। मुकेश वर्मा ने सरकारी हाई स्कूल काहलवां में हेडमास्टर श्री जसपाल सिंह तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरथ में इंचार्ज केवल सिंह और सरबजीत सिंह की मौजूदगी में गाइडेंस काउंसलरों द्वारा की जा रही गतिविधियों और तैयार किए गए रिकॉर्ड की विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए मुकेश वर्मा ने उन्हें विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसरों और प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने और उनकी प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विजिट के दौरान 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत स्कूलों में करवाई जा रही जागरूकता गतिविधियों और उनसे संबंधित रिकॉर्ड की भी समीक्षा की गई।

जरूरतमंद परिवार की बेटी का बस यात्रा बटाला संस्था ने करवाया विवाह, शादी का पूरा खर्च भी उठाया

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): बस यात्रा बटाला संस्था की ओर से आज 28 सितंबर 2026 को श्री अचलेश्वर धाम स्थित गुरुद्वारा साहिब में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी का विवाह करवाया गया। बताया गया कि युवती के माता-पिता नहीं थे। संस्था की ओर से विवाह के दौरान मिलनी की रस्म भी करवाई गई। इस मौके पर डॉक्टर शिखा धीर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बस यात्रा बटाला संस्था की ओर से समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्य किए जाते हैं। इनमें जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने के साथ-साथ जरूरतमंद लड़कियों और लड़कों के विवाह करवाने का कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि किसी लड़की या लड़के के सिर पर माता-पिता का साया नहीं है और परिवार आर्थिक रूप से जरूरतमंद है, तो बस यात्रा बटाला संस्था की ओर से ऐसे परिवारों की मदद की जाती है। उन्होंने बताया कि विवाह के साथ-साथ शादी में होने वाले भोजन-पानी और चाय-पानी आदि का खर्च भी संस्था की ओर से उठाया जाता है। डॉ. शिखा धीर ने कहा कि यदि कोई जरूरतमंद परिवार है, तो संस्था की ओर से उसका हर संभव सहयोग किया जाएगा।

तलवंडी राणा में 51 वर्ष पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की नींव रखी

हिसार। निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा में पंजाबी चौक के पास स्थित करीब 51 वर्ष पुराने कोड़ी शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की विधिवत नींव रखी गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान एवं नवग्रह पूजा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना पंडित संतोष शर्मा ने करवाई। कार्यक्रम में यजमान के तौर पर मंदिर निर्माण समिति की प्रधान अंजू अनेजा, दलीप चंद्र फौजी, ग्राम सरपंच दयाल सिंह मोलिया, श्याम सुंदर, विनोद कुमार मिक्की, तुलसीदास, श्याम राजपूत एवं राधेश्याम महता मौजूद रहे। मंदिर निर्माण समिति की प्रधान अंजू अनेजा ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर करीब 8 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रस्तावित निर्माण में एक हॉल, विभिन्न देवी-देवताओं की स्थापना तथा गुंबद का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए श्यामलाल राजपूत ने मंदिर के लिए पहले से उपलब्ध जमीन से दोगुनी जमीन दान देकर निर्माण कार्य की शुरुआत में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है।

श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगेगा प्रेम नगर, 11 अक्टूबर से होगी रामलीला की शानदार शुरुआत

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): कृष्णा दीवान ड्रामैटिक क्लब, प्रेम नगर दारा सलाम की ओर से श्री रामलीला के मंचन की तैयारियां पूरे जोश और उत्साह के साथ की जा रही हैं। क्लब के कलाकार पिछले कई दिनों से अपनी-अपनी भूमिकाओं की बड़ी मेहनत, लगन और श्रद्धा के साथ रिहर्सल कर रहे हैं। क्लब के निर्देशक हैप्पी शर्मा ने इस पत्रकार से बातचीत करते हुए बताया कि श्री रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमें भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला पवित्र धार्मिक आयोजन है। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को गूंगी अहाता ग्राउंड में रामलीला की शुभ शुरुआत की जाएगी। उन्होंने समस्त मोहल्ला वासियों और धर्म प्रेमी संगत से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर



रामलीला के पवित्र मंचन में पहुंचें और भगवान श्री राम के जीवन से मिलने वाली सत्य, सेवा, त्याग और धर्म की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं। क्लब की ओर से रामलीला को सफल बनाने के लिए संगत के सहयोग की भी अपील की गई।

राव नरेंद्र सिंह के कार्यकाल का एक वर्ष : हरियाणा कांग्रेस को दी नई ऊर्जा और एकजुटता

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक वर्ष 29 सितंबर को पूरा हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 29 सितंबर 2025 को राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। पार्टी की ओर से जारी एक साल के कार्यकाल के आकलन में संगठन को जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बढ़ाने तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर प्रदेशव्यापी गतिविधियों को प्रमुखता दिए जाने का उल्लेख किया गया है। ब्लॉक और बूथ स्तर पर संगठन विस्तार पर जोर पिछले एक वर्ष के दौरान हरियाणा कांग्रेस ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियों को आगे



बढ़ाया। जून 2026 में पार्टी ने 104 ब्लॉक अध्यक्षों की पहली सूची जारी की थी। यह नियुक्तियां करीब 12 साल बाद की गई थीं। बाद में संगठनात्मक विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया।

पार्टी के अनुसार, संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने, जिला एवं ब्लॉक इकाइयों को जिम्मेदारियां देने और कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संवाद पर विशेष ध्यान दिया गया। हालिया बैठकों में भी प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने पर जोर दिया है। पार्टी द्वारा साझा किए गए एक साल के रिपोर्ट कार्ड में 151 ब्लॉक अध्यक्षों, 33 जिला अध्यक्षों तथा 20,864 बूथों में 19,280 क्लक्ष-2 और 90 क्लक्ष-1 को जिम्मेदारी दिए जाने का दावा किया गया है।कांग्रेस के अनुसार, राव नरेंद्र सिंह के कार्यकाल में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ किसानों, युवाओं, मजदूरों, कर्मचारियों, छात्रों, महिलाओं और बुजुर्गों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेशभर में धरने, प्रदर्शन, घेराव और सत्याग्रह आयोजित किए गए।

पार्टी के रिपोर्ट कार्ड में इस अवधि में 400 से अधिक प्रदर्शनों का दावा किया गया है। इनमें महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, NEET, मनरेगा, HKRN, बुजुर्ग पेंशन, रोजगार और मतदाता अधिकार जैसे मुद्दे शामिल रहे।

भर्ती के इंतजार में युवाओं की उम्र निकल रही, सरकार बताए युवाओं को रोजगार कब मिलेगा : सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा में सरकारी भर्तियों की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश के लाखों पढ़े-लिखे युवा वर्षों से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन भर्ती में देरी, पदों के खाली रहने और भर्ती प्रक्रियाओं में बदलाव के कारण उनका इंतजार लंबा होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अनेक युवाओं की पीड़ा यह है कि उच्च शिक्षा और पात्रता परीक्षाएं पास करने के बावजूद उन्हें परिवार चलाने के लिए मजदूरी, ड्राइविंग, दुकानदारी, ठेकेदारी और दूसरे छोटे-मोटे काम करने पड़ रहे हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि समयबद्ध भर्ती सुनिश्चित करने के लिए उसकी ठोस कार्ययोजना क्या है। कुमारी सैलजा ने मीडिया में प्रकाशित आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 21 महीनों में क्लास-1 और क्लास-2 की 55 भर्तियों में 6,222 पदों के मुकाबले 4,317 पद ही भरे जाने और करीब 31 प्रतिशत पद खाली रहने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित कटऑफ या भर्ती नियमों के कारण बड़ी संख्या में स्वीकृत पद खाली रह जाते हैं तो सरकार को नियमों और परीक्षा प्रणाली की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि योग्यता और न्यूनतम मानकों से समझौता किए बिना पात्र युवाओं को उचित अवसर मिल सके। युवाओं की योग्यता पर सवाल खड़ा करने के बजाय यह देखना सरकार की जिम्मेदारी है कि उपलब्ध पद आखिर खाली क्यों रह जाते हैं। सांसद ने कहा कि जुलाई 2025 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 15 श्रेणियों में कुल 8,653 पदों की भर्ती प्रक्रिया वापस लेने की अधिसूचना जारी की थी, जिसमें 5,600 पुलिस कांस्टेबल पद भी शामिल थे। आयोग ने साथ ही स्पष्ट किया था कि इन रिक्तियों को कैट-01/2025 के बाद पुनः विज्ञापित किया जाएगा और पहले से पात्र



उम्मीदवार पुनर्विज्ञापित पदों के लिए पात्र माने जाएंगे।

कुमारी सैलजा ने कहा कि ऐसी प्रक्रियाओं में होने वाली देरी का सबसे अधिक असर उस युवा पर पड़ता है जो वर्षों तक तैयारी करता है और जिसकी आयु लगातार बढ़ती जाती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के युवाओं की सबसे बड़ी मांग किसी राजनीतिक घोषणा की नहीं, बल्कि नियमित, पारदर्शी और तय समय-सीमा में पूरी होने वाली भर्ती प्रक्रिया की है। नेट, एच टेट, केट तथा दूसरी पात्रता परीक्षाएं पास करने के बाद भी यदि अभ्यर्थियों को वर्षों तक नियुक्ति का इंतजार करना पड़े तो उनकी आर्थिक और पारिवारिक परेशानियां बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार को विभागवार रिक्त पदों, लंबित भर्तियों, विज्ञापन जारी होने की संभावित तारीख और चयन प्रक्रिया पूरी होने की समय-सीमा सार्वजनिक करनी चाहिए।

सांसद ने कहा कि फरवरी 2026 में हरियाणा विधानसभा में भी भर्ती व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस हुई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उस समय 8,653 पदों वाले विज्ञापन को वापस लेने के संबंध में कहा था कि कैट कराने और नए उम्मीदवारों को अवसर देने के उद्देश्य से ऐसा किया गया तथा बाद में पदों को बढ़ाकर पुनः विज्ञापित किया गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार का पक्ष अपनी जगह है, लेकिन युवाओं के दृष्टिकोण से असली कसौटी यह है कि भर्ती प्रक्रिया कितनी जल्दी पूरी होती है और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति कब मिलती है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा का युवा मेहनती और योग्य है तथा उसे बार-बार आश्वासन देने के बजाय रोजगार के वास्तविक अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। ÷सरकार बताए कि वर्षों से भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे और आयु सीमा के करीब पहुंच चुके युवाओं के हितों की रक्षा कैसे की जाएगी? लंबित रिक्तियां कब भरी जाएंगी और भर्ती का निश्चित कैलेंडर कब जारी होगा?÷ उन्होंने मांग की कि सरकार सभी विभागों में रिक्त पदों की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे, लंबित भर्तियों के लिए समयबद्ध कैलेंडर जारी करे और ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे किसी पात्र युवा के रोजगार के अवसर केवल भर्ती में प्रशासनिक देरी के कारण समाप्त न हों।

CMYK

page 3_Layout 1 29-09-2026 20:14 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ›› बुधवार, 30 सितंबर 2026

मृतक गुरजंट सिंह को इंसाफ दिलाने को किसान संगठनों ने परिवार के सदस्यों के साथ एसएसपी फिरोजपुर से की मुलाकात

मामला थाना ममदोट में मई महीने में दर्ज हुए 66 नंबर मुकदमे में हो रही देरी का

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मृतक गुरजंट सिंह के मामले का चालान अदालत में जल्द पेश कराने की मांग को लेकर विभिन्न किसान व अन्यसंगठनों के नेताओं और परिवार के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी फिरोजपुर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारी के ध्यान में लाया कि इस मामले में जल्द कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाए और चालान पेश करने की प्रक्रिया में हो रही देरी को दूर किया जाए। उल्लेखनीय है कि मृतक गुरजंट सिंह के मामले के संबंध में मई महीने के दौरान थाना ममदोट में मुकदमा नंबर 66 दर्ज किया गया था। परिवार और संगठनों ने मांग की कि मामले की जांच और



एसएसपी फिरोजपुर से मुलाकात करने के बाद जानकारी देते हुए संगठनों के नेता और पीड़ित के परिवार के सदस्य।

कानूनी कार्रवाई को समयबद्ध ढंग से पूरा करके चालान अदालत में पेश किया जाए, ताकि परिवार को न्याय मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी फिरोजपुर से अपील की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं और परिवार को मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी जाए। संगठनों के नेताओं ने कहा कि वह मृतक गुरजंट सिंह के परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे और संघर्ष को तेज करेंगे। इस अवसर पर क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब के महासचिव गुरमीत सिंह महिमा, प्रदेश सचिव दलविंदर सिंह शेरखां, जगजीत सिंह कादाबोड़ा, बीकेयू मानसा के मेजर सिंह रंधावा, बीकेयू कादिया के जोगा सिंह, बीकेयू मालवा के प्रकाश सिंह, मृतक गुरजंट सिंह की पत्नी सुखविंदर कौर, देवेंद्र सिंह नंबरदार, मेजर सिंह, सरदारा सिंह, जगतार सिंह आदि के अलावा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

16 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित दो गिरफ्तार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई सुमीर कुमार ने बताया कि उन्हें बीते दिन सूचना मिली थी कि दोषी दोषी हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी वह चौंक कोहर सिंह वाला गुरुहरसहाय में खड़ा ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके जोरा सिंह पुत्र सुबा सिंह वासी गांव माड़े कलां को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले में थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दोषी रविन्द्र सिंह उर्फ रवि पुत्र बाज सिंह वासी गांव चक्क सोमीयां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर व 10 रुपए का नोट बरामद किया है।

खेलें वतन पंजाब की: जिला स्तरीय खेलों की शुरुआत

फुटबॉल में सुनाम-ए की टीम ने सुनाम-बी की टीम को 3 अंकों से हराकर फाइनल में बनाई जगह

डेली आवाज भारती



संगरूर। खेल विभाग पंजाब द्वारा खेलें वतन पंजाब की (सीजन-04)-2026 के तहत ब्लॉक स्तरीय खेलों के बाद अब जिला स्तरीय खेलों के अंतर्गत कुल 39 अलग-अलग खेल करवाए जा रहे हैं। इन जिला स्तरीय खेलों के दौरान फुटबॉल, शतरंज, तीरंदाजी और लॉन टेनिस (लड़के/लड़कियां) के मुकाबलों का आज आगाज किया गया। इस विशेष अवसर पर श्री गुरमेल सिंह घराचों, चेयरमैन जिला योजना बोर्ड द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। यह प्रतियोगिता अग्रवाल धर्मशाला, सुनामी गेट, नजदीक बड़ा चौक, संगरूर में करवाई जा रही है। तीरंदाजी प्रतियोगिता जी.सी.एम. कॉन्वेंट स्कूल, दिड़बा में तथा फुटबॉल प्रतियोगिता अकाल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, श्री मस्तुआना साहिब में आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई और उन्हें खेल भावना से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खेलें वतन पंजाब की के माध्यम से गांवों और शहरों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है। इन खेलों का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना भी है। जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-14 (लड़कियों) के सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान सुनाम-ए की टीम ने सुनाम-बी की टीम को 3 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, अंडर-17 (लड़कियों) के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सुनाम-ए की टीम ने अनदाना की टीम को हराकर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

जिला रक्षा सेवाएं कल्याण कार्यालय गुरदासपुर ने 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत विशेष सफाई अभियान शुरू किया

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू) : 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिला रक्षा सेवाएं कल्याण कार्यालय गुरदासपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कमांडर बलजिंदर विर्क (सेवानिवृत्त), जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी गुरदासपुर ने बताया कि उनके कार्यालय द्वारा पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चलाए जा रहे प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग सेंटर में सेना भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं, सैनिक वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में कंप्यूटर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों तथा कार्यालय के स्टाफ के सहयोग से कार्यालय परिसर, कार्यालय के बाहर बाजार और गांवों में सफाई अभियान चलाया गया और कई स्थानों की सफाई की गई। देशभर में चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के संबंध में कार्यालय में पढ़ाई कर रहे प्रशिक्षुओं और विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर कमांडर बलजिंदर विर्क (सेवानिवृत्त), जिला रक्षा सेवाएं कल्याण अधिकारी गुरदासपुर ने आम जनता से सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सड़कों, सार्वजनिक



स्थानों, खाली प्लॉटों तथा अन्य खुले और अनधिकृत स्थानों पर कूड़ा न फेंका जाए। उन्होंने कहा कि घरों और अन्य स्थानों से निकलने वाला कूड़ा नगर परिषद द्वारा तैनात कूड़ा एकत्र करने वाले कर्मचारियों को ही सौंपा जाए या निर्धारित कूड़ेदान में डाला जाए। उन्होंने कहा कि कूड़े की सही ढंग से छंटाई और निपटान करने से ही स्वच्छ वातावरण बनाया जा सकता है। उन्होंने जिला गुरदासपुर की जनता से अपील की कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं और गुरदासपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

खान पियारा के 40 परिवार अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' में शामिल

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' हलका बटाला की बैठक गांव खान पियारा में आयोजित की गई। इसमें पृथ्वीपाल सिंह बटाला, कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं हलका बटाला प्रभारी, जसबीर सिंह गोबिंद नगर, खुशकरण सिंह हेयर, सुखजीत सिंह सहाबपुरा, हरवंत सिंह सूबेदार, बीबी प्रभजोत कौर बटाला, बीबी कवलप्रीत कौर खतीब, बीबी राजविंदर कौर, जज वोहरा, जतिंदर सिंह धुपसड़ी, दिलबाग सिंह बटाला, जतिंदर सिंह भट्ठी, सरपंच मनजीत सिंह, गुरमेज सिंह बटाला, हरदीप सिंह धारीवाल भोजा, जत्थेदार दारा सिंह धुपसड़ी, हरमीत सिंह, गुरदीपक सिंह युवा नेता और अभिषेक कुमार विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर खान पियारा के 35 परिवारों ने अकाली दल 'वारिस



पंजाब दे' में शामिल होकर भाई अमृतपाल सिंह का समर्थन करने का ऐलान किया। पृथ्वीपाल सिंह बटाला ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा, अकाली दल बादल और आम आदमी पार्टी ने पंजाब को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया है।

पंजाब अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। बीबी प्रभजोत कौर ने कहा कि यदि पंजाब से नशे का खात्मा करना है तो भाई अमृतपाल सिंह को पंजाब की बागडोर संभालनी होगी। जसबीर सिंह ने कहा कि पंजाब के युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा, बल्कि बाहरी राज्यों के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। खुशकरण सिंह ने कहा कि अकाली दल बादल ने सिखों की संस्थाओं और परंपराओं को तहस-नहस किया है। उनका सम्मान बहाल करने के लिए अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' से जुड़ना होगा। सुखजीत सिंह ने कहा कि केजरीवाल का दिल्ली वाला शिक्षा मॉडल दिल्ली में भी विफल साबित हुआ है और पंजाब में भी विफल है। कवलप्रीत कौर ने कहा कि इस समय महिलाएं नशे और लूटपाट की घटनाओं से सबसे अधिक परेशान हैं। इससे उनके परिवार प्रभावित हो रहे हैं। जज वोहरा ने कहा कि इस समय व्यापारी और कारोबारी फिरौती की घटनाओं से काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इससे निजात भाई अमृतपाल सिंह ही दिला सकते हैं। सरपंच मनजीत सिंह ने कहा कि भाई अमृतपाल सिंह अपने लोगों की खातिर जेल में बैठे हैं। हमें बढ़-चढ़कर उनका साथ देना चाहिए। इस अवसर पर सरबजीत सिंह, दीदार सिंह, सुच्चा सिंह, रणजीत सिंह, साहिबदीप सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरदेव सिंह, बलजिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, जागीर सिंह, स्विंदर सिंह, मुखविंदर सिंह, हरदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, रणजीत सिंह, गुरमुख सिंह, हरबंस सिंह, सरबजीत सिंह, सरवन सिंह, प्रभदीप सिंह, जोगिंदर सिंह, बलकार सिंह, नछत्तर सिंह, जगतार सिंह, अमनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरनाम सिंह, दिलबाग सिंह, बीबी मनजीत कौर, अमनप्रीत कौर, बीबी हरविंदर कौर, बीबी बलविंदर कौर, बीबी सुरजीत कौर, बीबी परमजीत कौर, बीबी रुपिंदर कौर, बीबी सतवंत कौर, बीबी राजविंदर कौर, बीबी नरिंदरजीत कौर, बीबी सतिंदरजीत कौर, बीबी राजविंदर कौर और बीबी गुरबचन कौर आदि ने अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' का झंडा बुलंद किया।

अटारी विधानसभा क्षेत्र से बीबी दलबीर कौर ने गांव महावा में चुनाव प्रचार किया शुरू

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) मृतसर विधानसभा क्षेत्र अटारी से बीबी दलवीर कौर, नेशनल प्रेसिडेंट भूपिंदर सिंह सोनू, और कार्यकारी पधान सरबजीत सिंह बाबा साहिब, सुखविंदर कौर रीटा, लखविंदर सिंह मजीठिया अटारी विधानसभा क्षेत्र से बीबी दलवीर कौर ने अटारी के अलग-अलग गांवों में प्रचार किया, जहां लोगों ने भी उन्हें बहुत प्यार दिया और खुले दिल से उनका स्वागत किया। बीबी दलवीर कौर को लोगों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जहां लोग पारंपरिक पार्टियों से तंग आ चुके हैं और अब आने वाले 2027 के चुनावों में बीबी दलवीर कौर को



वोट देकर कामयाब बनाएंगे। लोग अब बदलाव चाहते हैं। मीडिया से बात करते हुए बीबी दलवीर कौर ने कहा कि वह अटारी विधानसभा क्षेत्र में सेवा कर रही हैं और उनकी तरफ से लगातार सेवाएं दी जा रही हैं और अगर लोग 2027 में उन्हें वोट देते है तो उनका शुक्रिया अदा करते हैं, तो वह दिल से लोगों की शुक्रगुजार रहेंगी। लोगों के लिए कई तरह की योजनाएं हैं। लोगों ने जो भरोसा दिया है, उसे पूरा करने की कोशिश की गई है। लोगों की जो भी उम्मीदें हैं, उन्हें ज़रूर पूरा करेंगे। वहीं मौजूद थे ,सरबजीत सिंह बाबा साहिब, लखविंदर सिंह मजीठिया, सुखविंदर कौर, अतुल मट्टू, गुरदीप सिंह फोजी साब मुहावा,बलविंदरसिंह,जोगिंदर सिंह,सुखविंदर सिंह,गुलशन सिंह,प्रभ सिंह,परमजीत सिंह,लाडी महावा,अर्श महावा अनमोल सिंह,जशनदीप सिंह, राम सिंह,गुरप्रीत सिंह,सुरजीत सिंह,जलवंत सिंह,नरवीर सिंह, आकाशदीप सिंह,चांद सिंह,करनायल सिंह,दिलबाग सिंह,निशान सिंह,सुखा सिंह,निशान सिंह,काली मुहावा,रिंकू, प्रधान रानी, सुमन, बलजीत कौर, दलजीत कौर मौजूद थे।

श्रीमती राखी गुप्ता भंडारी, इलेक्टोरल रोल ऑब्जर्वर बटाला पहुंचीं, एस.आई.आर. की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की

सभी ई.आर.ओ. को 18-19 वर्ष के युवक-युवतियों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करने के निर्देश

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): श्रीमती राखी गुप्ता भंडारी, आई.ए.एस., प्रिंसिपल सेक्रेटरी, फूड प्रोसेसिंग, जिन्हें जिला गुरदासपुर में इलेक्टोरल रोल ऑब्जर्वर (मतदाता सूची निरीक्षक) नियुक्त किया गया है, आज बटाला पहुंचीं और एस.आई.आर. की चल रही पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की। इस अवसर पर आदित्य उप्पल, जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर, डॉ. मेहताब सिंह, एस.एस.पी. बटाला, गुरसिमरन सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी, मनजिंदर सिंह बाजवा,



चुनाव तहसीलदार गुरदासपुर सहित जिले के सभी ई.आर.ओ. मौजूद थे। गुरदासपुर जिले में दूसरी बार पहुंचीं श्रीमती राखी गुप्ता भंडारी ने एस.डी.एम. बटाला कार्यालय के बैठक हॉल में सभी चुनाव अधिकारियों से जिले में चल रही एस.आई.आर. प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान श्रीमती राखी गुप्ता भंडारी ने सभी ई.आर.ओ. को एस.आई.आर. प्रक्रिया के दौरान 18-19 वर्ष के युवा लड़के-लड़कियों को अपना वोट बनवाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित न रह जाए। बैठक के दौरान उन्होंने महिलाओं, एन.आर.आई., युवा मतदाताओं तथा अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं को अपना वोट बनवाने के लिए अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी ई.आर.ओ. से एस.आई.आर. के दौरान अनट्रेस्ड, शिफ्टेड और अनमैप्ड मतदाताओं की जानकारी भी ली तथा कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

धान की खरीद में कटौती और मंडी प्रबंधों को लेकर किसान नेताओं ने प्रशासन को दी चेतावनी

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह काहलो के नेतृत्व में कलानौर में तहसीलदार और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ धान की खरीद को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक के दौरान धान के सीजन में किसानों को पेश आने वाली समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। किसान नेताओं ने कहा कि नमी या मॉइस्चर के अलावा प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये तक की कथित कटौती किसानों पर बड़ा आर्थिक बोझ है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने मंडियों में बारदाने की कमी के कारण फसल के ढेर



लगने, सरकारी खरीद एजेंसियों के इंस्पेक्टरों की गैर-हाजिरी और तिरपालों के उचित प्रबंध न होने का मुद्दा भी उठाया। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसान नेताओं को भरोसा दिलाया कि धान की खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर किसानों से अपील की गई कि वे मंडी में सूखा धान ही लेकर आएं और मॉइस्चर मशीनों की जांच को लेकर सतर्क रहें। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि खरीद प्रबंधों में कोई गड़बड़ी या किसानों के साथ अन्याय सामने आया तो वे संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। बैठक में जरनैल सिंह सपरावां, सरदूल सिंह चिकड़ी, रोशन जोशी कलानौर, गुरजीत सिंह, हरकंवल सिंह हंधावा, राजिंदर सिंह खुशीपुर, सतनाम सिंह रहीमाबाद, मनजीत सिंह अदालतपुर, सुरिंदर पाल सिंह सोनू और जिला प्रेस सचिव गुरदीप सिंह कामलपुर सहित अन्य किसान नेता मौजूद थे।

धान के पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए क्लस्टर अधिकारियों के साथ बैठक

पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फील्ड स्तर पर की जाए विशेष निगरानी : कृष्णा पाल राजपूत

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत के नेतृत्व में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और धान की पराली के सुचारू प्रबंधन के लिए क्लस्टर अधिकारियों की बैठक की गई। इस बैठक में हिमांशु आईएएस (अंडर ट्रेनिंग) के अलावा पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भी भाग लिया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत द्वारा धान की कटाई के मौसम के दौरान पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फील्ड स्तर की निगरानी, पराली के प्रबंधन और विभिन्न



धान की पराली की जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए क्लस्टर अधिकारियों की हुई बैठक में हिस्सा लेते हुए अधिकारी।

विभागों के बीच बेहतर तालमेल से रणनीति तैयार करने संबंधी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उन्होंने क्लस्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित फील्ड विजिट करें और विशेष रूप से संवेदनशील और हॉटस्पॉट गांवों पर विशेष निगरानी रखें। किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ इन-सीटू और एक्स-सीटू पराली प्रबंधन तकनीकों और मशीनरी की अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को फील्ड स्तर पर आवश्यक तकनीकी सहायता मुहैया कराने और सामने आने वाली समस्याओं का समय पर हल सुनिश्चित बनाने के लिए कहा गया। अधिकारियों को किसानों, मशीनरी मालिकों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने की भी हिदायत दी गई, तांकि पराली का प्रबंधन बिना जलाए प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने बताया कि धान की कटाई के मौसम के दौरान पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए या किसी भी तरह की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नंबर 01632-252040 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर हिमांशु ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी तालमेल, निरंतर फील्ड निगरानी और समय पर कार्रवाई के माध्यम से ही पराली जलाने की घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी ड्यूटी पूरी तन्मयता से निभाने और जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई पराली प्रबंधन कार्य योजना को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

page 4_Layout 1 29-09-2026 20:18 Page 1

आयकर विभाग फिरोजपुर ने प्रारंभ 2026 के तहत एक करदाता आउटरीच कार्यक्रम किया आयोजित

डेली आवाज भारती



आयकर विभाग फिरोजपुर की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व प्रतिभागी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आयकर विभाग द्वारा कमिश्नर ऑफ़ इनकम टैक्सचंडीगढ़ और एडिशनल कमिश्नर ऑफ़ इनकम टैक्स रेंज-1 चंडीगढ़ के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मंगलवार को फिरोज़पुर में प्रारंभ 2026 के तहत एक करदाता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत कर छूट के प्रावधानों के बारे में जागरूकता फैलाना और विभिन्न पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठनों, जिनमें ट्रस्ट, सोसाइटियाँ, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान और अन्य परोपकारी संगठन शामिल हैं, के सामने आने वाली समस्याओं और चिंताओं का समाधान करना था। फिरोज़पुर के आयकर अधिकारी सुखदीप कुमार ने अपने स्टाफ के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसके सफल संचालन तथा समन्वय में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों, जिनमें आरएनपीओ, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील और टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य शामिल थे, ने हिस्सा लिया और विभागीय अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस संवादात्मक सैशन से प्रतिभागियों को कर छूट से संबंधित विभिन्न प्रावधानों और प्रक्रियाओं पर स्पष्टीकरण मांगने का अवसर मिला। अमृतसर के आयकर अधिकारी (एजेम्प्टीशन्स) देविंदर यादव ने पंजीकरण प्रक्रिया, ऑडिट रिपोर्ट और आयकर रिटर्न समय पर दाखिल करने, नए शुरू किए गए फॉर्म और अन्य महत्वपूर्ण अनुपालन आवश्यकताओं से संबंधित प्रमुख प्रावधानों को समझाया। उन्होंने नए आयकर अधिनियम, 2025 द्वारा लाए गए प्रमुख बदलावों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से वे बदलाव जो आयकर अधिनियम, 1961 की तुलना में सरलीकरण, अधिक स्पष्टता और कर छूट के ढांचे में सुधार के उद्देश्य से किए गए हैं। संवादात्मक सैशन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए। करदाताओं और पेशेवरों के सामने आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को समझने तथा करदाता सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए हितधारकों से विस्तृत प्रतिक्रिया और सुझाव भी प्राप्त किए गए। प्रतिभागियों द्वारा इस कार्यक्रम को करदाता में जागरूकता बढ़ाने, स्वैच्छिक अनुपालन को सुविधाजनक बनाने और पारदर्शी, उत्तरदायी तथा करदाता-अनुकूल कर प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए एक उपयोगी पहल के रूप में सराहा गया और बहुत पसंद किया गया।

पटियाला जेल में बलवंत सिंह राजोआना से मिले एसजीपीसी प्रमुख धामी, लंबित दया याचिका पर चर्चा

पटियाला। अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने मंगलवार को पंजाब के पटियाला शहर की सेंट्रल जेल में मौत की सजा पाए कैदी बलवंत सिंह राजोआना से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में राजोआना से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर केंद्र सरकार के पास लंबित उनकी दया याचिका और अलग-अलग जेलों में बंद सिख कैदियों के व्यापक मुद्दे पर। बैठक के बाद धामी ने मीडिया को राजोआना की बात बताते हुए कहा, ‘‘मेरा हौसला बुलंद है और मैं अपमान सहने के बजाय शहादत को चुनूंगा।’’ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की 1995 में हुई हत्या में भूमिका के लिए राजोआना को मौत की सजा सुनाई गई थी। मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने की उनकी दया याचिका 2012 से केंद्र सरकार के पास लंबित है। संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत यह याचिका एसजीपीसी ने मार्च 2012 में दायर की थी। इस महीने, राजोआना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मौत की सजा के खिलाफ अपनी दया याचिका पर जल्द फैसला लेने का अनुरोध किया।

24.32 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 7 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 24.32 ग्राम हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ सिटी फिरोजपुर, छावनी फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना मल्लांवाला एवं थाना सदर फिरोजपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजुपर के एस.आई रजनी रानी ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सोनू पुत्र जिंद्र वासी जनता प्रीत नगर दाना मंडी फिरोजपुर व आतिश पुत्र पलविन्द्र सिंह वासी जनता प्रीत नगर दाना मंडी फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 9.20 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एस.आई लाभप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर राहुलप पुत्र सुरिन्द्र कुमार वासी बैक साईड खालसा गुरु घर फिरोजपुर छावनी व लक्की पुत्र पवन वासी बैक साईड बी.एस.एम स्कूल हाऊसिंग बोर्ड फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के इंस्पैक्टर गुरविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर कुलविन्द्र सिंह उर्फ किंदी पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव किलचे को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.43 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एस.आई हरमेहताब सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी आरफके से वीरु पुत्र बुटा वासी शेखां वाली को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.9 ग्राम हेरोइन, 1 लाईटर, 1 सिल्वर पन्नी व पेपर पाईपनुमा और थाना मल्लांवाला के एस.आई गुरजंट सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अनमोलदीप सिंह उर्फ जज पुत्र हरविन्द्र सिंह वासी गांव सुनंमा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

व्यक्ति के बेटे को इन्कमटैक्स विभाग में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 12 लाख रुपए ठगे

- पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर दोषी व्यक्ति पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने गांव कोहाला निवासी व्यक्ति के बेटे को इंकम टैक्स विभाग में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उसके साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता भगवंत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव कोहाला ने बताया कि वह अपने बेटे बलतेज सिंह को सरकारी नौकरी लगवाना चाहता था और उसे उसके रिश्तेदार मनजीत सिंह ने बताया कि वह कुलविन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह वासी मकान नंबर 354/2,सैक्टर 41ए चंडीगढ़ सैक्टर 49 को जानता है और वह डाक विभाग व इंकम टैक्स विभाग में अच्छी जान-पहचान रखता है और वह 12वीं कक्षा पास लडे व लड़कियों को नौकरी पर लगवाता है। जिसके बाद पीड़ित ने कुलविन्द्र सिंह के साथ बातचीत की और उसे कहा कि उसके बेटे बलतेज सिंह को वह इंकम टैक्स में नौकरी लगवा दे तो उसने 12 लाख रुपए की राशि की मांग की। पीड़ित ने बताया कि उसने दोषी को तीन किश्तों में 12लाख रुपए की राशि दे दी थी, लेकिन दोषी ने उसके बेटे बलतेज सिंह को नौकरी नहीं लगवाई और उसने उसके साथ 12 लाख रुपए की ठगी की है। मामले की जांच कर रहे निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी कुलविन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जिला फिरोजपुर में लगातार बढ़ रही साइब्र क्राईम की घटनाऐं, लोगों से लूटे जा रहे लाखों रुपए

तीन मामलों में आन-लाइन ठगों ने पीड़ितों से लाखों रुपए की ठगी की

- साईब्र क्राईम थाना फिरोजपुर में पीड़ितों के बयान पर दोषियों पर धोखाधड़ी की धाराओं तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिले में साईब्र क्राईम के मामलें दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे है और अज्ञात लोगों की तरफ से लोगों को आन लाईन ठगीयों का शिकार बनाया जा रहा है। मालूम हो कि एक बार फिर से फिरोजपुर में ऑनलाइन साइबर ठगों द्वारा आम लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी मारने के तीन मामले सामने आए हैं। जिसके चलते स्टेट साइबर क्राइम पंजाब और स्थानीय साईब्र क्राईम पुलिस ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर तरसेम सिंह, सुनील कुमार सचदेवा और अनुज शर्मा के साथ हुई लाखों रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों सहित एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। यहां बताने योगय है कि जिला फिरोजपुर में साइबर अपराधियों ने विभिन्न हथकंडे अपनाकर तीन व्यक्तियों से कुल 20.91 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी मारी है। जिसके संबंध में थाना लक्खोके बहराम के अंतर्गत आते गांव मिर्जा के तरसेम सिंह पुत्र बलवंत सिंह ने बताया कि उसे एक नंबर 18002662 से कॉल आई और कॉल में कहा गया कि अगर आपने पेमेंट की है तो 1 दबाएं और अगर नहीं की है तो 9 दबाएं। जैसे ही उसने 9 दबाया, उसके बैंक खाते से 2 लाख रुपये निकलने का मैसेज आ गया और इस तरह से उसके साथ आन लाईन ठगी हुई है। जबकि दूसरे मामलें में फिरोजपुर शहर के बाजार दुर्गा दास के रहने वाले सुनील कुमार सचदेवा पुत्र मनोहर लाल सिंह निवासी मकान नंबर 16 गली कुमारा वाली बाजार दुर्गा दास, फिरोजपुर शहर ने बताया कि उसे व्हाट्सएप कॉल आई कि उसके लडे का कैलगरी (कनाडा) में एक्सीडेंट हो गया है और वह अस्पताल में भर्ती है। इलाज के लिए पैसों की मांग करने पर उसने घबराहट में आकर विभिन्न खातों में 11 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। सुनील कुमार सचदेवा ने बताया कि उसे बाद में उसने अपने बेटे के सही-सलामत होने का पता लगने पर उसने 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि इस तरह से अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ लाखों रुपए की ठगी की है। जबकि तीसरे मामलें में पीड़ित अनुज शर्मा पुत्र पवन शर्मा निवासी मकान नंबर 21 पाम सिटी के पास धवन कॉलोनी ने एक वेबसाइट पर फेंचाइजी देने का विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। अनुज शर्मा ने बताया कि ठगों ने उसे झांसे में लेकर फॉर्म भरवाया और विभिन्न किश्तों में कुल 7 लाख 41 हजार 930 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। अनुज शर्मा ने बताया कि उसे फेंचाइजी ना मिलने पर उसने 1930 पर शिकायत की। पुलिस जांच में कॉल करने वाले मोबाइल नंबर का रिकॉर्ड कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के एक व्यक्ति प्राणाकृष्णा मोहंती पुत्र शुक्रादेब मोहंती आर/ओ बालेश्वर, धमननगर, भद्रक, राज ओडिशा कोलिंन लेन, पार्क स्ट्रीट के नाम पर पाया गया, जिसके बाद लीगल राय लेकर दोषी पर मामला दर्ज किया गया है। तीनों मामलों की जांच कर रहे एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषियों के खिलाफ मामलें दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जागरूकता कैंप लगाकर बाबा फरीद आईटीआई गुरुहरसहाय के विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी संबंधी किया गया जागरुक



डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): बाबा फरीद आईटीआई गुरुहरसहाय में विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव संबंधी जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कैंप लगाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉलों, लिंक्स और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली ठगी से सावधान रहने के बारे में जानकारी दी गई। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम/डेबिट कार्ड विवरण या पासवर्ड साझा न करें। इसके अलावा संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक ना करने और किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने भी साइबर सुरक्षा से संबंधित सवाल पूछे, जिनके जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। संस्था के प्रबंधकों ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित और जिम्मेदार ढंग से प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में मददगार साबित होते हैं।

लविश धवन को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला फिरोजपुर कॉलेज आउटरीच के जिला इंचार्ज नियुक्त

मिली जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी औल मेहनत के साथ निभाउंगा : लविश धवन

डेली आवाज भारती



लविश धवन भारतीय जनता युवा मोर्च के पदाधिकारियों के साथ मिली जिम्मेवारी के लिए खुशी व्यक्त करते हुए।

फिरोजपुर (अमनदीप गिरधर): भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के कॉलेज आउटरीच इंचार्ज हरमनदीप सिंह मीता के दिशा-निर्देशानुसार जिला फिरोजपुर के युवा मोर्चा के प्रधान राजनबीर सिंह ढिल्लों द्वारा संगठन को ओर मजबूत करने और युवाओं को पार्टी से जोडने के उद्देश्य से लविश धवन को कॉलेज आउटरीच जिला इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इस मौके पर जिला प्रधान राजनबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि नौजवान किसी भी संगठन की ताकत होते हैं। कॉलेजों में युवाओं से संपर्क बढ़ाने, उनके विचारों और मुद्दों को समझने और उन्हें संगठन से जोडने के लिए लविश धवन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने लविश धवन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वह पूरी मेहनत और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और जिला फिरोजपुर में युवा मोर्चा की गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इस नियुक्ति के बाद लविश धवन ने पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वह जिले के विभिन्न कॉलेजों के युवाओं से संपर्क स्थापित करने और उनसे जुड़े मुद्दों को समझने के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नौजवान देश और समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं और युवा मोर्चा युवाओं को संगठन से जोडने के लिए लगातार काम कर रहा है। लविश धवन ने कहा कि वह पार्टी के सीनियर नेताओं और युवा मोर्चा की टीम के साथ मिलकर मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। इस मौके पर अन्य के अलावा रघु सहगल, हरमन सपपंच, गगन शर्मा, अमन ढिल्लों, हरप्रीत नेगी, मनप्रीत संधू, जोबन भुल्लर, जसकरण धालीवाल आदि मौजूद थे।

30 वर्षों बाद फिरोजपुर को पंजाबी विश्वविद्यालय सीनेट में मिला प्रतिनिधित्व

- मोहन लाल भास्कर फाउंडेशन ने अधिवक्ता मेहर सिंह मल को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



पंजाबी विश्वविद्यालय सीनेट में चुने गए मेहर सिंह मल को मोहन लाल भास्कर फाउंडेशन के पदाधिकारी सम्मानित कर बधाई देते हुए।

फिरोजपुर (अमनदीप गिरधर): मोहन लाल भास्कर फाउंडेशन ने अपने सदस्य अधिवक्ता मेहर सिंह मल का पंजाबी विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य के रूप में चुने जाने पर गर्मजोशी से उनका स्वागत एवं सम्मान किया। मालूम हो कि मेहर सिंह मल ने चुनाव में 2,375 मत प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और करीब 30 वर्षों के अंतराल के बाद फिरोजपुर को पंजाबी विश्वविद्यालय सीनेट में प्रतिनिधित्व दिलाया। मोहन लाल भास्कर फाउंडेशन के सदस्य डा.गौरव सागर भास्कर, डा.एस.एन रुद्रा, स.संतोख सिंह, प्रो.गुरतेज कोहारवाला और राकेश शर्मा सहित फाउंडेशन के अन्य गणमान्य सदस्य भी इस सम्मान समारोह में शामिल हुए और अधिवक्ता मेहर सिंह मल को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। अधिवक्ता मेहर सिंह मल का पारंपरिक रूप से हार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा इस खुशी के अवसर पर मिठाइयां बांटी गई। मोहन लाल भास्कर फाउंडेशन की टीम ने उन सभी लोगों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपना समर्थन दिया, विशेष रूप से फिरोजपुर के लोगों का, जिनके सामूहिक सहयोग से करीब तीन दशकों बाद फिरोजपुर का पंजाबी विश्वविद्यालय सीनेट में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सका। फाउंडेशन ने अधिवक्ता मेहर सिंह मल को हार्दिक बधाई देते हुए सीनेट में उनके सार्थक और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार एवं एक्टीवा की टक्कर में स्कूटरी सवार मां-बेटी जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन एक्टीवा एवं कार के बीच हुई टक्कर में जख्मी हुई महिला एवं उसकी बेटी के मामले में शिकायतकर्ता महिला के बयान पर दोषी कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई जगतार सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुनीता सोनी पत्नी राज कुमार वासी मकान नंबर 81/2 गोबिंद नगरी फिरोजपुर शहर ने बताया कि वह बीते दिन जब अपनी बेटी अराईना के साथ स्कूटरी पर सवार होकर उसे स्कूल छोडने के लिए जा रही थी तो रास्ते में उसकी एक्टीवा नंबर पीबी-05एएन-5193 को कार सवार बगीचा सिंह पुत्र मुख्तैयार सिंह वासी हसन ढुट फिरोजुर ने टक्कर मार दी थी। जिससे पीड़िता व उसकी बेटी बुरी तरह से जख्मी हो गए और उसकी एक्टीवा भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामलें की जांच कर रहे जगतार सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बगीचा सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गांव दरियेके (ममदोट) के किसानों को मिलेगा लाभ, बैंक रिकॉर्ड के लिए बाइलॉज की कॉपी भेजी

डेली आवाज भारती



जानकारी देते हुए प्रधान बिट्टू मैनी दरिऐके।

फिरोजपुर (अमनदीप गिरधर): कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं गुरुहरसहाय द्वारा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दी दरियेके बहुउद्देशीय कृषि सहकारी सभा लिम. को पंजीकृत कर दिया गया है। यह सभा गांव दरियेके तहसील फिरोजपुर ब्लॉक ममदोट जिला फिरोजपुर से संबंधित है। सहायक रजिस्ट्रार राज पाल सिंह द्वारा जिला मैनेजर दी फिरोजपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिम. फिरोजपुर के नाम जारी आधिकारिक पत्र में सूचित किया गया है कि इस सभा को रजिस्ट्रेशन नंबर 27 दिनांक 22 सितंबर 2026 के तहत पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधान बिट्टू मैनी दरियेके ने बताया कि वह अपने कागज पत्र उसे पहुंचाने। उन्होंने बताया कि सभा के पंजीकृत होने के उपरांत बैंक के जरूरी रिकॉर्ड के लिए बाइलॉज की एक कॉपी भी भेज दी गई है। इस संबंध में कार्यालय द्वारा जरूरी कार्रवाई और सूचना के लिए विभिन्न विभागों को पत्र की कॉपियां भेजी गई हैं। यह कॉपियां दी पंजाब स्टेट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट फेडरेशन लिम. चंडीगढ़, उप रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं फिरोजपुर, ऑडिट अफसर फिरोजपुर, ब्रांच मैनेजर सी.सी.बी ममदोट, कृषि अफसर फिरोजपुर, मैनेजर इफको फिरोजपुर और जिला मैनेजर मार्कफेड फिरोजपुर को भेजी गई हैं। इसके अतिरिक्त निरीक्षक सहकारी सभाएं खुंदड़ उताड़ को निर्देश दिए गए हैं कि वह मुख्य कार्यालय के निर्देशों के अनुसार समय-समय पर सभा का निरीक्षण सुनिश्चित बनाएं और लिखित रिपोर्ट कार्यालय को सौंपें। इस सभा के गठन से गांव दरिया के और आस-पास के किसानों को कृषि से संबंधित सहकारी सुविधाएं, खाद-बीज और वित्तीय सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी।

थाना जीरा एवं थाना मक्खू पुलिस ने चार ग्राम हेरोइन सहित 4 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): **थाना** जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई दीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर बलविन्द्र सिंह उर्फ बिंद्र पुत्र फुल्ला सिंह वासी गांव फतेगढ़ पंजतूर मोगा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

दसवां आयुष मेडिकल कैंप श्री गुरु नानक देव जी मोदी खाना जीरा में आयोजित

10 कैंपों के दौरान 5317 मरीजों की की गई नि :शुल्क जांच

डेली आवाज भारती



आयुष मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच करते हुए अधिकारी।

फिरोजपुर (अमनदीप गिरधर): आयुष कमिश्नर पंजाब, डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेदा पंजाब डा.रमन खन्ना, डायरेक्टर ऑफ होम्योपैथी पंजाब डा.हरजिंदरपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रुपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में जिले में विभिन्न स्थानों पर 10 सितंबर से 29 सितंबर तक कुल 10 आयुष मेडिकल कैंप आयोजित किए गए, जिनमें से दसवां कैंप श्री गुरु नानक देव जी मोदी खाना जीरा, फिरोजपुर में लगाया गया। जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रुपिंदर कौर ने बताया कि आज के 10वें और अंतिम आयुष मेडिकल कैंप में 560 मरीजों की जांच की गई और निःशुल्क शुगर टेस्ट किए गए और निःशुल्क दवाइयां बांटी गई। उन्होंने बताया कि अब तक लगाए गए 10 कैंपों में करीब 5317 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई और निःशुल्क शुगर जांच व दवाइयां भी दी गईं। कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा.जसवंतप्रीत कौर, डा.सुमन धनजू, डा.प्रवीण कुमार राणा, डा.रमनदीप सिंह, डा.सुखप्रीत सिंह, श्रीमती किंदर कौर उपवैद्य और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा. सतनाम सिंह गिल, बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में हेल्पिंग हैंड वेलफेयर सोसायटी जीरा द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया। इस दौरान हेल्पिंग हैंड वेलफेयर सोसायटी जीरा के प्रधान हरप्रीत सिंह (बब्लू), सुखजिंदर सिंह आहूजा, हरजीत सिंह, सुक्खा, दीपक विज, बलजिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह नामदेव, रिंकू आहूजा, टिंकू कपूर, रितिका, गिनी सोनू आदि मौजूद थे।

CMYK

page 5_Layout 1 29-09-2026 20:20 Page 1

श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय का बी-जोन युवा महोत्सव शुरू

● श्री अमृतसर साहिब की 450 वर्ष पुरानी विरासत को युवाओं ने कला के माध्यम से किया नमन ● गिद्धे की धूम के साथ 'बी' जोन युवा महोत्सव का आगाज

डेली आवाज भारती





अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित युवा महोत्सवों की श्रृंखला के तहत 'बी' जोन युवा महोत्सव का आज दशमेश ऑडिटोरियम में गिद्धे की धूम के साथ आगाज हुआ। युवा महोत्सव में गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन जिलों के 17 कॉलेजों के विद्यार्थी लगभग 46 विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक आइटमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

दीप प्रज्वलित कर युवा महोत्सव के उद्घाटन के उपरांत गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने कहा कि आज श्री गुरु रामदास जी द्वारा बसाए अमृतसर साहिब की 450 वर्ष पुरानी विरासत को याद करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि यह शहर समय के साथ केवल एक शहर नहीं रहा, बल्कि विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान बनाने वाला केंद्र बन गया है। इस अवसर पर डॉ. अमनदीप सिंह, निदेशक युवा कल्याण, डॉ. रविंदर कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज लोक संपर्क, डॉ. विक्रम सिंह संधू, निदेशक, हॉस्पिटैलिटी, डॉ. बलजिंदर सिंह बल्ल, प्रमुख, शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉ. अमनप्रीत कौर , पंजाब स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अलावा आयोजन समिति के सदस्य, शिक्षक, टीम प्रभारी और विद्यार्थी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी के समय श्री हरिमंदिर साहिब की आध्यात्मिकता के साथ श्री अमृतसर साहिब की पहचान और अधिक मजबूत हुई। इसके बाद महाराजा रणजीत सिंह के दौर की शान से लेकर जलियांवाला बाग की दर्दनाक याद तक यह शहर इतिहास के अनेक महत्वपूर्ण पड़ावों का गवाह रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर साहिब की 450 वर्ष पुरानी विरासत केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, पंजाबीपन, लोक कला और संस्कृति की लंबी परंपरा का प्रतीक है। उप-कुलपति ने कहा कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा अपने सभी युवा महोत्सव श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को समर्पित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन युवा महोत्सवों के माध्यम से युवाओं को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ अमृतसर साहिब की समृद्ध विरासत और पंजाबी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. करमजीत सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं के लिए केवल प्रतियोगिता का मंच नहीं हैं, बल्कि ये उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने, आत्मविश्वास पैदा करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा पूरे आत्मविश्वास के साथ दी जा रही प्रस्तुतियां पंजाबी संस्कृति की जीवंतता और युवा पीढ़ी की रचनात्मक क्षमता को दर्शाती हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए उप-कुलपति ने विद्यार्थियों को अफवाहों और गलत जानकारी से सचेत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी जानकारी को आगे साझा करने से पहले उसकी पुष्टि करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी शंका या समस्या के बारे में अपने शिक्षकों और साथियों के साथ विचार-विमर्श करके तथ्यों तक पहुंचें। इस अवसर पर डॉ. अमनदीप सिंह ने बताया कि उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा छह जोनल और एक अंतर-जोनल युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'समर्पण - अमृतसर 450' के तहत इन युवा महोत्सवों की सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को श्री अमृतसर साहिब की लोक कला और पंजाबी संस्कृति की समृद्ध परंपरा से जोड़ा जा रहा है। आज युवा महोत्सव की शुरुआत अकाल पुरख की याद में शबद गायन से हुई। इसके बाद गिद्धे की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को पंजाबी रंग में रंग दिया। विद्यार्थियों की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अमृतसर साहिब की लोक-विरासत, पंजाबी जीवन-शैली और सांस्कृतिक रंगों की खूबसूरत झलक प्रस्तुत की।

भगत सिंह के सपनों का पंजाब बनाने को सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भगवंत मान

लुधियाना में 'जश्न-ए-इंकलाब' में बोले सीएम - शहीदों की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता; खटकड़ कलां में 52 करोड़ का हेरिटेज कॉम्प्लेक्स अंतिम चरण में

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर : पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में सोमवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित 'जश्न-ए-इंकलाब' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार शहीद भगत सिंह के सपनों के अनुरूप देशभक्ति, समानता, न्याय और जनकल्याण पर आधारित पंजाब के निर्माण के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के बलिदान को याद किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शहीद भगत सिंह की विरासत को सम्मान देने के लिए कई कदम उठाए हैं। मोहाली एयरपोर्ट का नाम शहीद-ए-आजम भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया है तथा एयरपोर्ट रोड पर 30 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। सरकारी कार्यालयों में भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र लगाने की पहल भी की गई है। मान ने कहा कि खटकड़ कलां के व्यापक विकास के लिए लगभग 52 करोड़ की लागत से शहीद-ए-आजम भगत सिंह हेरिटेज कॉम्प्लेक्स विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भगत सिंह के जीवन, विचारों, संघर्ष और बलिदान को आधुनिक प्रस्तुति के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। परियोजना में पैतृक घर व उसकी प्रतिकृति, कोर्टरूम अनुभव, हेरिटेज स्ट्रीट, पुनर्निर्मित ग्रामीण परिवेश, मशाल गेट, राष्ट्रीय ध्वज क्षेत्र, पुस्तकालय तथा विभिन्न ऐतिहासिक प्रदर्शनियां शामिल हैं। भित्तिचित्रों, मूर्तियों, मैनक्विन, ऐतिहासिक वस्तुओं, ग्राफिक्स और अन्य माध्यमों से स्वतंत्रता आंदोलन तथा भगत सिंह के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिसर में आधुनिक ऑडिटोरियम, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियां, प्रोजेक्शन एवं इंटरप्रिटेशन सिस्टम, म्यूजिकल फाउंटेन, लाइटिंग व्यवस्था, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, कॉटेज, गेस्ट हाउस, रेस्तरां/कैफेटेरिया, पार्किंग, रास्ते और लैंडस्केपिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार परियोजना अंतिम चरण में है और सिविल कार्य, इंटीरियर, प्रदर्शनी, ऑडियो-विजुअल सिस्टम, लाइटिंग व लैंडस्केपिंग सहित अंतिम तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और संस्था थे। उनके अनुसार शहीदों ने ऐसे समाज का सपना देखा था जहां भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता और गरीबी के लिए कोई स्थान न हो तथा प्रत्येक नागरिक को सम्मान और अवसर मिले। मान ने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, सड़क, खेल और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं पर काम कर रही है।

दिन में रेकी, रात में चोरी - वर्कशॉप को निशाना बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ लगातार चोरी की वारदातों का खुलासा; होंडा सिटी, मोटरसाइकिल, स्क्रैप व वाहनों का सामान बरामद

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर : लुधियाना पुलिस ने वर्कशॉप में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देने के आरोप में अमृतपाल सिंह और संगत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से होंडा सिटी कार, होंडा शाइन मोटरसाइकिल, स्क्रैप और वाहनों का चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गांव कोट गंगू राय स्थित एक वर्कशॉप में पिछले 4-5 महीनों से चोरी की घटनाएं हो रही थीं। 26 जून, 22/23 अगस्त और 25/26 सितंबर 2026 को भी चोरी की वारदातें सामने आई। शिकायत के आधार पर थाना कूम कलां में मुकदमा नंबर 153 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में दोनों आरोपियों की कथित संलिप्तता सामने आई और उन्हें 27 सितंबर 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दिन में इलाके की रेकी करते और रात को होंडा सिटी कार नंबर PB-10[illegible]-8228 से पहुंचकर चोरी करते थे। बरामदगी होंडा सिटी कार, होंडा शाइन मोटरसाइकिल, स्क्रैप, 5 साइलेंसर सहित ढोलकियां, 3 मरगाड़ और स्विफ्ट कार के 2 बंपर। पुलिस के अनुसार अमृतपाल सिंह के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में पहले भी एक मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

पंजाब के 65 लाख से अधिक परिवारों को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक मुफ्त स्वास्थ्य उपचार की सुविधा देने के लिए मान सरकार वचनबद्ध

पूर्व सरकारों ने महंगी स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं के कारण पंजाबवासियों को गरीबी की ओर धकेला : धालीवाल

डेली आवाज भारती



अमृतसर/अजनाला, के.एस. बेदी : आम आदमी पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं हलका अजनाला से विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने पंजाब के नागरिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महंगे इलाज से राहत दिलाने और प्रत्येक परिवार को बिना किसी भेदभाव के 10 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य उपचार बीमा उपलब्ध करवाने का क्रांतिकारी कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान सामने आया है कि इस मुफ्त उपचार सुविधा का लाभ 65 लाख से अधिक परिवार उठा सकेंगे। इन 65 लाख परिवारों तक इस सुविधा का लाभ सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार स्वास्थ्य बीमा कार्ड बनाने हेतु दृढ़ संकल्प के साथ प्रयास कर रही है तथा कार्ड बनाने की प्रक्रिया के लिए बाकायदा सरकारी अमले की पूरी ताकत झोंकी गई है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स. धालीवाल आज यहां आयोजित संक्षिप्त एवं प्रभावशाली समारोह में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों को स्वास्थ्य बीमा कार्ड वितरित करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्ड लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पंजाब सरकार का प्रयास है कि राज्य का प्रत्येक परिवार स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित हो और किसी भी नागरिक को आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहना पड़े। स. धालीवाल ने समारोह में मौजूद पार्टी स्वयंसेवकों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों के स्वास्थ्य बीमा कार्ड बनाने में प्राथमिकता के आधार पर सहयोग किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कतार में खड़े प्रत्येक योग्य लाभार्थी का कार्ड बनाया जा सके। बाद में बातचीत के दौरान स. धालीवाल ने बताया कि आज वितरित किए गए 10 लाख रुपये तक के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कार्ड सहित हलका अजनाला में 24 हजार से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व सरकारों ने पंजाब के नागरिकों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं से वंचित रखकर निजी हाथों में महंगी स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के माध्यम से कथित लूट का आधार तैयार किया। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में भी भाई-भतीजावाद एवं रिश्वतखोरी को चरम पर पहुंचाकर न केवल योग्य उम्मीदवारों को नौकरियों से वंचित रखा गया, बल्कि उन्हें गरीबी की दलदल में भी धकेला गया। स. धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार देश में ऐसी पहली सरकार है, जो नफरत की राजनीति के बजाय पंजाबवासियों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए सुविधाओं की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर एडवोकेट अमनदीप कौर धालीवाल, खुशपाल सिंह धालीवाल, पीए मुख्तार सिंह बलड़वाल, प्रधान भट्टी जसपाल सिंह ढिल्लों, शहरी प्रधान अमित औल, शिवदीप सिंह चहल, अजय शर्मा, हरप्रीत सिंह सोहल, दविंदर सिंह सोनू आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

आवारा सांडों की समस्या को लेकर कुराली वासियों ने दिया धरना

प्रशासन को कुछ दिनों का समय, समस्या का समाधान न होने पर संघर्ष तेज करने की चेतावनी : रवि वड़ैच

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): कुराली शहर में विभिन्न स्थानों पर घूम रहे आवारा सांडों के कारण पैदा हो रही समस्या को लेकर वार्ड नंबर 8 सहित कुराली वासियों की ओर से आज रोष धरना दिया गया। धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से आवारा सांडों की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। इस मौके पर वार्ड नंबर 8 के वरिष्ठ नेता जसवीर सिंह और हेमराज वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुराली शहर में जगह-जगह आवारा सांड घूम रहे हैं, जिसके कारण पूरे शहर में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ये सांड आए दिन किसी न किसी शहरवासी पर हमला कर रहे हैं, जिसके कारण कई लोगों को गंभीर चोटें भी लग चुकी हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 8 निवासी गुलशन और निर्मल सिंह पर भी आवारा सांडों ने हमला किया था, जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि शहर के अनेक लोगों की ओर से पहले भी नगर कौंसिल में पहुंचकर अधिकारियों के ध्यान में यह गंभीर समस्या लाई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। धरनाकारियों ने कहा कि विशेष रूप से दशमेश कॉलोनी की तरफ आवारा सांडों का इतना भय बना हुआ है कि लोगों के लिए घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसके अलावा शहर के कई अन्य हिस्सों में भी लोग आवारा सांडों के डर के कारण सहमे हुए हैं। आज वार्ड नंबर 8 तथा कुराली शहर के निवासियों की ओर से एकत्र होकर धरना दिया गया और प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त किया गया। धरने में विशेष रूप से पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा ने कहा कि यदि आने वाले कुछ दिनों में आवारा सांडों की समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कुराली वासियों से विचार-विमर्श करके संघर्ष को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर रवि वड़ैच ने कहा कि यदि आने वाले दिनों में प्रशासन की ओर से इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कुराली वासियों के सहयोग से आवारा सांडों को पकड़कर नगर कौंसिल में बंद करने तथा वहां ताला लगाने का संघर्ष किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। प्रीत धनौआ और जोधा सिंह ने भी नगर कौंसिल को समस्या का समाधान करने के लिए कुछ दिनों का समय दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो शहरवासियों के साथ मिलकर अगला संघर्ष तय किया जाएगा।

जिला अमृतसर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लगाए जाएंगे 15 विशेष कैंप

■ दिव्यांगजनों के UDID कार्ड, EWS स्कूल दाखिला, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना और आधार सेवाओं का मिलेगा लाभ

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अमृतसर में 24 दिसंबर 2026 तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों के दौरान दिव्यांगजनों के UDID कार्ड के लिए असेसमेंट, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के ब'चों के लिए स्कूल दाखिला अभियान, जरूरतमंद ब'चों के लिए स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना तथा ब'चों के आधार कार्ड के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट से संबंधित सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि ये कैंप विभिन्न सरकारी स्कूलों में लगाए जाएंगे। सभी कैंपों का समय सुबह 9:|0 बजे से दोपहर 1:|0 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि कैंपों का शेड्यूल इस प्रकार है- 1 अक्टूबर को सरकारी हाई स्कूल, माहल; 9 अक्टूबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मत्तेवाल; 16 अक्टूबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टाहली साहिब; 2| अक्टूबर को सरकारी मिडल स्कूल, नवा पिंड; ×0 अक्टूबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वरपाल; 6 नवंबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रईया; 1× नवंबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल/सरकारी हाई स्कूल, सठियाला; 20 नवंबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संगतपुरा; 27 नवंबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चमियारी; 4 दिसंबर को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चविंडा देवी; 11 दिसंबर को सरकारी हाई स्कूल, शाम नगर; 18 दिसंबर को सरकारी मेरिटोरियस स्कूल, छेहरटा तथा 24 दिसंबर को सरकारी प्राइमरी स्कूल, मकबूलपुरा में कैंप लगाए जाएंगे। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को कैंपों के दौरान आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कैंपों में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता गतिविधियां, साइन बोर्ड, बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, सफाई, कंप्यूटर सिस्टम तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के प्रबंध करने के लिए भी कहा गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी निर्धारित कैंप में पहुंचकर संबंधित कल्याणकारी योजनाओं और आधार सेवाओं का लाभ उठाएं तथा आवश्यक दस्तावेज अपने साथ लेकर आएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 29-09-2026 15:57 Page 1

विद्या बालन, आर. बाल्की के साथ फिर कर रही हैं वापसी

नई तमिल फिल्म की शूटिंग शुरू



मुंबई विद्या बालन एक बार फिर फिल्ममेकर आर. बाल्की के साथ काम करने जा रही हैं। दोनों एक नई तमिल फिल्म के लिए साथ आए हैं और फिल्म पर काम शुरू हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष 2009 में रिलीज हुई फिल्म पा के बाद यह विद्या बालन और आर. बाल्की की पहली तमिल फिल्म होगी। अपने सोशल मीडिया के रिये अपने दर्शकों से इसकी जानकारी साझा करने के उद्देश्य से विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह हाथ में स्क्रिप्ट लिए कुर्सी पर बैठी नजर आ रही हैं। चश्मा लगाए और लंबी चोटी में उनका लुक काफी सिंपल दिखाई दे रहा है। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा है, आर. बाल्की के साथ नई तमिल फिल्म, नई शुरुआत। इसके साथ दिल का इमोजी लगाकर उन्होंने अपनी बात खत्म की है लेकिन उनकी इस पोस्ट से साफ है कि उन्होंने अपनी नई तमिल फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि विद्या ने अभी फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है, लेकिन इतना तय है कि आर. बाल्की के साथ उनका दोबारा काम करना जरूर खास है। इससे पहले दोनों ने पा में साथ काम किया था, जो 2009 में रिलीज हुई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो विद्या बालन इसी महीने 15 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही रजनीकांत स्टारर जेलर 2 में नजर आनेवाली हैं। फिल्म में वह कांता का किरदार निभा रही हैं। नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म सन पिक्चर्स की प्रस्तुति है। इसके अलावा विद्या बालन एक बार फिर अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म में राशी खन्ना भी हैं। फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका केरल शेड्यूल पूरा हो चुका है। फिलहाल नई तमिल फिल्म के साथ विद्या बालन के पास इस समय अलग-अलग भाषाओं और जॉनर की कई फिल्में हैं। ऐसे में आर. बाल्की के साथ उनकी दोबारा जोड़ी को लेकर अब फैंस की निगाहें इस नए प्रोजेक्ट पर जम गई हैं।

दिलजीत दोसांझ ने शेयर किया सबसे आसान मंत्र

बोले-तनाव देने वाले लोगों को लाइफ से कट करो



गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। मंगलवार को अभिनेता ने लोगों को तनाव देने वाले लोगों से दूर रहने और जिंदगी को खुलकर जीने की सलाह दी। दिलजीत दोसांझ की टीम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह बाहर बैठे चाय पीते हुए कैमरे पर बात करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के जरिए अभिनेता अपने फॉलोअर्स को एक सिंपल लाइफ का मंत्र देते हुए कहते हैं कि फालतू के तनाव को खुद पर हावी मत होने दो और दूसरों की सोच को अपनी जिंदगी पर असर मत डालने दो। वीडियो में दिलजीत बाहर बैठकर चाय पीते हुए कैमरे पर बात करते नजर आ रहे हैं। गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ कहते हैं, ‘टेंशन मत लो, चिंता मत करो, जो आपको टेंशन दे, उसे अपनी जिंदगी से निकाल दो। इस दुनिया में कोई टेंशन नहीं है। किसी की भी राय से आपको फर्क नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने तनाव देने वाले लोगों से दूरी बनाने की अपनी बात को दोहराया और आगे कहा, अपने में मस्त रहो और पता नहीं हम स्वर्ग में फिर कब मिलेंगे। मौज करो ब्रो। आखिर में उन्होंने ‘राम राम जी’, ‘राम राम सर’ और ‘नमस्कार’ कहकर वीडियो खत्म किया। उन्होंने वीडियो पोस्ट कर लिखा, ‘कोई टेंशन नहीं, पता नहीं इस दुनिया में दोबारा कब आओगे। काम की बात करें तो दिलजीत ने पंजाबी म्यूजिक स्टार और हिंदी-पंजाबी फिल्मों के एक्टर के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनेता हाल ही में फिल्म ‘मैं वापस आऊंगा’ में नजर आए थे। यह फिल्म देश के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक बुजुर्ग व्यक्ति और उसके पोते (दिलजीत दोसांझ) की भावनात्मक कहानी है। फिल्म में अभिनेता ने मुख्य किरदार के पोते ‘निर्वैयर’ का रोल निभाया है। निर्वैयर अपने 95 वर्षीय बुजुर्ग दादाजी (ईश्वर सिंह ग्रेवाल उर्फ कीनू, जिनका किरदार नसीरुद्दीन शाह ने निभाया है) की देखभाल करने वाले और उनके भावनात्मक संबल बने हैं। वह अपने दादाजी के अधूरे अतीत और पाकिस्तान के सरगोधा जाने की आखिरी इच्छा को समझते हैं तथा उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं।

रजनीकांत संग वर्कआउट, फिर ऊनो और मैसूर डोसा, राशि खन्ना ने दिखाई ‘धर्मन’ के सेट से झलक



एक्ट्रेस राशि खन्ना इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म ‘धर्मन’ की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म के चौथे शेड्यूल की शूटिंग मैसूर में चल रही है। इसी बीच राशि ने फिल्म के सेट और मैसूर में बिताए खास पलों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इनमें वह रजनीकांत और तेलुगु एक्टर राम पोथिनेनी के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने शूटिंग के दौरान की अपनी कुछ मजेदार यादें भी फैंस के साथ शेयर कीं। दरअसल, राशि ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, ‘मैसूर की उस दुनिया की एक छोटी सी झलक, जिसमें मैं पिछले कुछ समय से रह रही हूं। रजनीकांत सर और राम पोथिनेनी के साथ सुबह-सुबह वर्कआउट, क्योंकि जाहिर तौर पर दिन शुरू होने से पहले ही दिन शुरू हो जाता है। थोड़ा मंदिर घूमना, थोड़ा इधर-उधर घूमना, कुछ ऊनो खेलना और ढेर सारी हंसी। और हां, मैसूर डोसा अपने आप में एक खास पल का हकदार था।’ बता दें कि ‘धर्मन’ का तीसरा शेड्यूल 16 सितंबर से शुरू हुआ था। इस दौरान निर्देशक ने रजनीकांत और राशि खन्ना की शूटिंग का एक बीटीएस वीडियो भी शेयर किया था। वीडियो में रजनीकांत कैमरे की तरफ पीठ किए हुए राशि से बातचीत करते नजर आए थे। फिल्म का दूसरा शेड्यूल 4 सितंबर को पूरा हुआ था। दूसरे शेड्यूल के दौरान सामने आए एक वीडियो में रजनीकांत को जूनियर डॉक्टरों को लेक्चर देते हुए देखा गया था।

ऐश्वर्या राय ने पेरिस में बिखेरा जादू

इंटरनेशनल सितारों संग किया रैंप वॉक



ग्लोबल स्टार ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियों के साथ रैंप वॉक किया। इस एक्ट्रेस ने 28 सितंबर को एफिल टॉवर के सामने %प्लेस जोफ्रे% में आयोजित पेरिस फैशन वीक में हिस्सा लिया। इस शो में केंडल जेनर, इवा लोंगोरिया, सेलीन डियोन, सिमोन एशले, वियोला डेविस, जेन फोंडा, कारा डेलेविंगने और एंडी मैकडॉवेल जैसी ग्लोबल हस्तियां और एंबेसडर शामिल हुए। स्टेज पर ऐश्वर्या और अन्य ग्लोबल हस्तियां काफी मस्ती करती दिखीं और रैंप वॉक करते समय ऐश्वर्या ने क्राउन भी पहना था। ऐश्वर्या राय गहरे रंग की मखमली (वेलवेट) पोशाक में नजर आई, जिस पर बारीक नक्काशी और क्रिस्टलों से जड़ा हुआ केप बेहद खूबसूरत लग रहा था। इसके साथ ही, उनके नए बरगंडी-लाल बालों ने उनके इस अंदाज को एक आधुनिक और शानदार लुक दिया।

ऑनलाइन कई लोगों ने ऐश्वर्या को ÷रॉयल्टी÷ कहा और पेरिस इवेंट में उनके लुक की तारीफ भी की।

एक और वीडियो में ईवा लोंगोरिया और ऐश्वर्या को बैकस्टेज एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलते हुए देखा गया। हाल ही में ऐश्वर्या को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखा गया था, जब वह इस इवेंट के लिए पेरिस जा रही थीं। ग्लोबल फैशन और सिनेमा इवेंट्स से ऐश्वर्या का जुड़ाव 2002 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में उनकी पहली मौजूदगी से शुरू हुआ था। उस समय, वह संजय लीला भंसाली की फिल्म %देवदास% के प्रीमियर के लिए फेस्टिवल में पहुंची थीं, जिसे इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल में दिखाया गया था। डायरेक्टर संजय लीला भंसाली और को-स्टार शाहरुख खान के साथ, ऐश्वर्या ने पारंपरिक पीली साड़ी में यादगार एंट्री की थी। तीनों एक घोड़ा-गाड़ी में सवार होकर वहां पहुंचे थे। अगले साल, वह फीचर-फिल्म जूरी की सदस्य के तौर पर फेस्टिवल में लौटीं और ऐसा करने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनीं।

परिणीति चोपड़ा बनेंगी फील्ड रिपोर्टर

‘रिपोर्टिंग लाइव’ में खुलेगा रेत माफिया का खतरनाक खेल

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों लगातार अलग-अलग तरह के प्रोजेक्ट्स के साथ दर्शकों के बीच अपनी जगह बना रही हैं। हाल ही में उन्होंने स्ट्रीमिंग सीरीज ‘**शकः ट्रस्ट** नो वन’ से ओटीटी पर कदम रखा और अब एक ऐसी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसकी कहानी पत्रकारिता, अपराध और अवैध रेत खनन की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिल्म का नाम ‘रिपोर्टिंग लाइव’ है, जिसमें परिणीति एक फील्ड रिपोर्टर के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ शेखर सुमन, अमोल पालेकर, देवेन भोजानी और आदिल हुसैन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। ‘रिपोर्टिंग लाइव’ की कहानी एक ऐसी रिपोर्टर की है, जो एक बड़ी स्टोरी की तलाश में अवैध रेत खनन के उस नेटवर्क तक पहुंचती है, जिसे एक खतरनाक रेत माफिया हर हाल में छिपाकर रखना चाहता है। जैसे-जैसे रिपोर्टर इस पूरे मामले की तह तक जाने की कोशिश करती है, उसके सामने अपराध की एक ऐसी दुनिया खुलती जाती है, जहां सच को सामने लाना आसान नहीं है। फिल्म में इसी जांच, खतरे और सच की तलाश को थ्रिलर अंदाज में दिखाया गया है। परिणीति फिल्म में एक फील्ड रिपोर्टर की भूमिका निभा रही हैं। यह किरदार उनके लिए इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि कहानी में रिपोर्टर सिर्फ खबर कवर करने वाली एक पत्रकार नहीं है, बल्कि वह लगातार एक ऐसे सिस्टम के खिलाफ आगे बढ़ती है, जो अपने अपराधों को छिपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। फिल्म की कहानी में आम लोगों को भी अहम जगह दी गई है। फिल्म का निर्देशन ध्रुव त्रिपाठी ने किया है और उन्होंने मिहिर जाधव के साथ मिलकर इसकी कहानी लिखी है। ध्रुव ने फिल्म को लेकर कहा, ‘मेरे लिए ‘रिपोर्टिंग लाइव’ की घोषणा बेहद खास है। मैं पिछले सात साल से इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ा हुआ हूं। मिहिर जाधव के साथ कहानी लिखने से लेकर इसे स्क्रीन तक लाने तक का सफर मेरे लिए लंबा रहा है और अब फिल्म को दुनिया के सामने लाने का मौका भी खास अनुभव है।’ ध्रुव ने कहा, ‘मैं ऐसी थ्रिलर बनाना चाहता था, जो जमीन से जुड़ी और असली लगे, लेकिन कहानी के केंद्र में मौजूद आम लोगों की जिंदगी और उनकी परेशानियों को भी नजरअंदाज न करे। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू ने इस प्रोजेक्ट को बेहतर बनाने में अपना अहम योगदान दिया है। अब मैं चाहता हूं कि दुनिया भर के दर्शक इस कहानी को देखें और फिल्म से जुड़ें। फिल्म की प्रोड्यूसर पार्थ किरण ठाकुर ने भी ‘रिपोर्टिंग लाइव’ को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ‘फिल्म की कहानी और इसे बड़े स्तर पर पर्दे पर उतारने, दोनों में काफी कुछ दांव पर लगा हुआ था। टीम के पास शुरुआत से ही फिल्म को लेकर एक साफ विजन था और इसे इतने मजबूत कलाकारों के साथ पूरा होते देखना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा। अलग-अलग पीढ़ियों के कलाकारों को एक साथ लाना फिल्म के सबसे खास पहलुओं में से एक है।’ उन्होंने कहा, ‘परिणीति चोपड़ा और देवेन भोजानी दोनों कलाकार पहली बार एक ऐसी ऑन-स्क्रीन जोड़ी में नजर आएंगे, जिसे दर्शकों ने पहले नहीं देखा है। दोनों के किरदार भी उनके पिछले काम से काफी अलग हैं।’ ‘रिपोर्टिंग लाइव’ फिल्म को पार्थ किरण ठाकुर और जोशुआ शिरसाथ ने प्रोड्यूस किया है। यह 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



CMYK

page 7_Layout 1 29-09-2026 21:16 Page 1

पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया के निधन पर भाजपा नेतृत्व ने जताया शोक

हिमाचल ने खोया एक बेबाक एवं अनुभवी जननेता

डेली आवाज भारती

शिमला हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता मेजर विजय सिंह मनकोटिया के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने गहरा शोक व्यक्त किया है। 87 वर्षीय मेजर मनकोटिया का मंगलवार सुबह कांगड़ा जिले में निधन हो गया। उनके निधन से हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में एक अनुभवी और मुखर व्यक्तित्व का अध्याय समाप्त हो गया। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल एवं शांता कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव भारद्वाज एवं



कंगना रनौत, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार एवं हर्ष महाजन, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, पायल वैद्य, बिक्रम ठाकुर एवं सतपाल सिंह सत्ती सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मेजर विजय सिंह मनकोटिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि मेजर विजय सिंह मनकोटिया का जीवन राष्ट्रसेवा और जनसेवा का अनूठा संगम था। राजनीति में आने से पहले उन्होंने भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में देश की सेवा की। सैन्य पृष्ठभूमि से आए मनकोटिया ने अनुशासन, स्पष्टवादिता और निर्भीकता को अपने सार्वजनिक जीवन में भी बनाए रखा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने कांगड़ा जिले के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का पांच बार प्रतिनिधित्व किया और प्रदेश सरकार में दो बार मंत्री रहते हुए पर्यटन, नागरिक उड्डयन और कानून जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर अड़े राहुल गांधी, सीडब्ल्यूसी बैठक में रखे तीन प्रस्ताव

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार को अपने पद से इस्तीफा देना होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद उनका इस्तीफा करवाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अपना आंदोलन जारी रखेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई ष्टद्बष्ट बैठक में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी ने रखे तीन प्रस्ताव बैठक के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी के सामने तीन प्रमुख प्रस्ताव रखे। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, स्ट्रक्चर को खत्म करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित



2019 और 2024 के कानूनों पर भी सवाल

राहुल गांधी ने 2019 और 2024 में बनाए गए कुछ कानूनों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त से संबंधित कानून पारित किए जाने के दौरान करीब 100 सांसदों को निलंबित किया गया था। राहुल ने आरोप लगाया कि उस समय से ही सरकार को आगामी राजनीतिक परिस्थितियों का अंदाजा था। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से आंदोलन जारी रखने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी को लगातार दबाव बनाए रखना होगा। राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन चीजों की पहले उम्मीद नहीं थी, वे भी दबाव के कारण संभव हुई हैं।

शाह को इसकी जिम्मेदारी लेने की मांग शामिल है। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हो SIR को स्क्रैप किया जाएप्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसकी जिम्मेदारी ले 'हमारा आंदोलन चलता रहेगा' राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा देते हैं तो अच्छा है और नहीं देते हैं तो भी कांग्रेस अपना आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार अपने पद से नहीं जाते, तब तक पार्टी इस मुद्दे पर अपना दबाव बनाए रखेगी। राहुल गांधी ने बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब वह दोनों नेताओं से मिलने गए थे तो उनसे कहा गया कि सरकार वही कर रही है, जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय किया जाता था। राहुल ने यह भी कहा कि बैठक में उनसे यह बात कही गई कि अगर वे सत्ता में आए तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। राहुल गांधी ने हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक का हवाला देते हुए वोटर लिस्ट को लेकर अपने पुराने आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोगों को उनकी बात समझ नहीं आई, लेकिन तथ्यों और प्रस्तुतियों के आधार पर अब इस मुद्दे को लेकर माहौल बदल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में दो तरह की 'मैच फिक्सिंग' की जा रही है।

स्कूलों में रैगिंग-बुलिंग पर केंद्रीय कानून की मांग वाली पीआईएल सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों और प्री-यूनिवर्सिटी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग और बुलिंग की समस्या से निपटने के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता, जो खुद एक छात्र है, ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर कर मांग की थी कि देश के सभी स्कूलों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों में रैगिंग और बुलिंग को रोकने के लिए एक सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि छात्रों की शिकायतों के रजिस्ट्रेशन और उन पर उचित कार्रवाई के लिए अनिवार्य दिशानिर्देश बनाए जाएं। साथ ही, बुलिंग और रैगिंग के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के तरीकों को लेकर एक विशेष विषय शुरू किया जाए और उसे केंद्रीय और सभी राज्य शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। याचिकाकर्ता का तर्क था कि यह नियम सभी केंद्र और स्टेट एजुकेशन बोर्ड के अंतर्गत आने वाले संस्थानों में लागू होना चाहिए ताकि छोटे बच्चों को मानसिक प्रताड़ना से बचाया जा सके। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान सुखदेव साहा मामले में पहले दिए गए निर्देशों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि रैगिंग को लेकर पहले ही



व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। ऐसे में एक नया केंद्रीय कानून बनाने के लिए कोर्ट सीधे तौर पर सरकार को आदेश नहीं दे सकता। यह मामला नीतिगत विषय है, जिस पर सरकार और संबंधित शिक्षा प्राधिकरणों को फैसला लेना है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की चिंता को पूरी तरह से खारिज नहीं किया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस पीआईएल को संबंधित अधिकारियों के समक्ष एक 'रिप्रेजेंटेशन' यानी अनुरोध पत्र के तौर पर भेजने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्रालय और अन्य संबंधित अथॉरिटीज के पास जा सकता है, ताकि वे अपनी तरफ से जरूरी कार्रवाई कर सकें।

युवाओं से आत्मनिर्भर नागालैंड के निर्माण में योगदान देने का राज्यपाल का आह्वान

डेली आवाज भारती

कोहिमा । नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक कला रूप राज्य की पहचान, इतिहास और सामूहिक विरासत को दर्शाते हैं। राज्यपाल मंगलवार को कोहिमा के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से अपनी विरासत के बारे में जानने, दूसरों की परंपराओं का सम्मान करने और रचनात्मकता के माध्यम से पारंपरिक कला एवं संस्कृति को नए और सार्थक रूप में प्रस्तुत करने का आह्वान किया। राज्यपाल यादव ने युवाओं से व्यावहारिक कौशल हासिल करने, उद्यमिता को अपनाने और आत्मनिर्भर नागालैंड के निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव केवल प्रतियोगिता का मंच नहीं है, बल्कि यह सीखने, संवाद,



रचनात्मकता और व्यक्तिगत विकास का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए युवा प्रतिभागियों को आपस में मित्रता बढ़ाने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा एक-दूसरे की संस्कृति और प्रतिभाओं को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस वर्ष के महोत्सव की थीम युवा, कौशल और आत्मनिर्भर नागालैंड का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रतिभा को ज्ञान, व्यावहारिक कौशल, अनुशासन और निरंतर सीखने का साथ मिलना जरूरी है। उन्होंने युवाओं को डिजिटल तकनीक, उद्यमिता, कृषि, पर्यटन, हस्तशिल्प, रचनात्मक उद्योगों और अन्य उभरते क्षेत्रों में अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी रोजगार हर युवा की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता। ऐसे में आजीविका और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए युवाओं को विभिन्न विकल्पों पर विचार करना चाहिए। कौशल, दृढ़ संकल्प, लगन और उद्यमशीलता की भावना के साथ युवा आत्मनिर्भर नागालैंड के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। राज्यपाल ने विभाग की स्किल-बेस्ड इकोनॉमिक सस्टेनेन्स इनिशिएटिव ऑफ आई.जी. एकेडमी स्टूडेंट्स की भी सराहना की। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों और रचनात्मक कार्यों की प्रदर्शनी की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के अलावा अन्य कौशल विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। घोषणा, कविता लेखन और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को राज्यपाल ने व्यापक रूप से पढ़ने, जिज्ञासु बने रहने, आलोचनात्मक सोच विकसित करने और तकनीक का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने विश्वसनीय सूचना और भ्रामक सूचनाओं के बीच अंतर समझने तथा जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। 'विकसित भारत 2047' के विजन का उल्लेख करते हुए राज्यपाल यादव ने कहा कि भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की केंद्रीय भूमिका है। उन्होंने नागालैंड की प्रतिभाशाली युवा आबादी, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, प्राकृतिक सुंदरता और मजबूत सामुदायिक संबंधों को राज्य की ताकत बताया। उन्होंने पर्यटन, कृषि, उद्यमिता, खेल और रचनात्मक उद्योगों में उपलब्ध संभावनाओं का भी उल्लेख किया।

राज्यपाल ने युवाओं से महोत्सव में उत्साह, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ भाग लेने तथा साथी प्रतिभागियों का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुरस्कार उपलब्धि का एक क्षण हो सकते हैं, लेकिन प्रतियोगिता के दौरान हासिल ज्ञान, अनुशासन और अनुभव जीवनभर उपयोगी रहते हैं।

उन्होंने युवाओं से जिज्ञासु बने रहने, नए कौशल सीखने और मेहनत की आदत विकसित करने के साथ शिक्षकों, मार्गदर्शकों, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि शिक्षा, कौशल, अनुशासन और दृढ़ता के बल पर नागालैंड के युवा चुनौतियों का सामना करते हुए नए अवसर पैदा कर सकते हैं और समाज में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

पीयूष गोयल की अमेरिकी यात्रा बेहद अहम, द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर फोकस

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को आगे बढ़ाने की दिशा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों देश एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं, और इस दौरान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के साथ होने वाली उनकी बैठक पर विशेष नजर रहेगी। पीयूष गोयल 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के निमंत्रण पर आयोजित की जा रही है। माना जा रहा है कि इस मंच के इतर होने वाली भारत-अमेरिका वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों देश 7 फरवरी 2026 को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में भी प्रयास करेंगे। भारत चाहता है कि उसके निर्यातकों को



केवल कम आयात शुल्क का लाभ ही न मिले, बल्कि प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में स्पष्ट टैरिफ लाभ भी प्राप्त हो, जिससे भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ सके।

जी20 बैठक के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) आधारित, नियम-आधारित, खुली, समावेशी, पारदर्शी, न्यायसंगत और भेदभावरहित वैश्विक व्यापार प्रणाली का समर्थन करेगा। भारत विकासशील देशों के लिए पर्याप्त नीतिगत लचीलापन बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर देने वाला है। इस महीने की शुरुआत में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने संकेत दिया था कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की रूपरेखा लगभग तैयार हो चुकी है। अब दोनों देश ऐसे ढांचे पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर से पहले एक-दूसरे को प्राथमिकता आधारित बाजार पहुंच उपलब्ध कराई जा सके। अग्रवाल ने कहा था कि भारत मुख्य रूप से मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) टैरिफ व्यवस्था के तहत काम करता है, जबकि अमेरिका वर्तमान में कार्यकारी आदेशों के माध्यम से टैरिफ लागू कर रहा है। ऐसे में दोनों देशों को एक ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जो टैरिफ अंतर पैदा कर सके और भारतीय तथा अमेरिकी कंपनियों को परस्पर विशेष बाजार पहुंच प्रदान कर सके। अमेरिका यात्रा के दौरान पीयूष गोयल केवल सरकारी बैठकों तक सीमित नहीं रहेंगे। वह व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई द्विपक्षीय चर्चाओं में भी हिस्सा लेंगे। इन बैठकों का फोकस किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा अन्य कारोबारी वर्गों के लिए नए अवसर पैदा करने पर रहेगा।

इसके अलावा, वाणिज्य मंत्री मिल्वौकी और शिकागो में विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तु, कृषि व्यवसाय, रिटेल और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 58 लाख विद्यार्थियों को ड्रेस के लिए 600 रुपए मिलेंगे

डेली आवाज भारती

भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहले से आठवीं तक पढ़ने वाले 58 लाख बच्चों को गणवेश के लिए 600 रुपए दिए जाएंगे।यह फैसला मंगलवार को हुई मोहन सरकार की कैबिनेट में लिया गया । राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि राज्य के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के 58 लाख विद्यार्थियों को 600 रुपए प्रति गणवेश के अनुसार सीधे बैंक खाता के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, इसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 348 करोड़ रुपए छात्रों को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में करीब 24 हजार 500 करोड़ के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें पुनरीक्षित प्रस्ताव, संशोधित प्रस्ताव तथा विभिन्न योजनाओं की निरंतरता से संबंधित प्रस्ताव शामिल रहे। इन सभी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री चैतन्य काश्यप के मुताबिक यूनेस्को की टेंटेटिव



लिस्ट में भारत के कुल 78 स्थलों को शामिल किया गया है, जिनमें 19 स्थल मध्यप्रदेश के हैं। इनमें बाघ गुफाओं की चित्रकारी, गित्रौरगढ़ किला, चंबल घाटी के मंदिर समूह और उदयगिरि की गुफाएं जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश के पर्यटन के लिए भविष्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आधार तैयार करता है। प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन के विकास पर लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही, प्रदेश में बाघों की संख्या में वृद्धि हो रही है और हमारे सभी टाइगर रिजर्व एवं वन्यजीव अभयारण्यों को भी व्यवस्थित एवं विकसित किया जा रहा है। पर्यटन न केवल हमारी विरासत और संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलाता है, बल्कि यह एक बड़ा आर्थिक उपक्रम भी है और रोजगार एवं स्थानीय विकास के नए अवसर पैदा करता है। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु वर्गों के विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों, कल्याण आश्रमों एवं अन्य कल्याणकारी संस्थानों को अभी तक 12 किलो अनाज 5 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जाता था। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्गों के छात्रावासों तथा इसी प्रकार की कल्याणकारी संस्थाओं को 1 रुपए प्रति किलो की दर से अनाज उपलब्ध कराया जा रहा था। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु वर्गों के विभाग अंतर्गत आने वाले छात्रावासों एवं संबंधित संस्थानों को भी अब 1 रुपए प्रति किलो की दर से अनाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह निर्णय इन संस्थानों में रहने वाले विद्यार्थियों एवं जरूरतमंदों के हित में एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदम है।

नशे के खिलाफ जालंधर में होने वाली रैली को लेकर राणा भानू प्रताप ने बुलाई कार्यकर्ताओं की बैठक

डेली आवाज भारती

कुराली/मनीष : नशे के खिलाफ जालंधर में होने वाली भाजपा की रैली को लेकर भाजपा नेता राणा भानू प्रताप की अगुवाई में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरड़ हलके के विभिन्न मंडलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और महिला कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने जालंधर में होने वाली रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए राणा भानू प्रताप ने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ आयोजित की जा रही इस रैली में खरड़ हलके के सभी मंडलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

■ भाजपा की नशे के खिलाफ रैली निकालने से कोई एतराज नहीं

उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर रैली में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, वाइस प्रधान जिला मोहाली, तरुण कौशल, मंडल प्रधान कुराली, मीतिश कुमार कुराली, भूपिंदर सिंह, मंडल प्रधान नयागांव, पुनीत सिंगला, मंडल प्रधान न्यू चंडीगढ़, मोहित पंडित, मंडल प्रधान माजरी, बरजिंदर शर्मा, मंडल प्रधान खरड़ तथा जतिंदर राणा, युवा भाजपा अध्यक्ष कुराली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान जितिंदर राणा ने कहा कि राणा भानू प्रताप ने अपनी मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण के चलते भाजपा में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने कहा कि राणा भानू प्रताप युवा भाजपा के वाइस प्रधान रहने के बाद पंजाब भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के चुनाव चिन्ह पर कम उम्र में नगर काउंसिल का सदस्य बनने का रिकॉर्ड भी राणा भानू प्रताप के नाम रहा है। वर्तमान में वह पंजाब भाजपा में कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राणा भानू प्रताप लंबे समय से खरड़ हलके के लोगों की सेवा के लिए सक्रिय हैं और संगठन में विभिन्न पदों पर काम करने का उन्हें अनुभव है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाला : ईडी ने चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में 14 जगहों पर की छापेमारी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ । आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े 645 करोड़ रुपये के घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की है। ईडी के चंडीगढ़ जोनल ऑफिस-2 ने चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में 14 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ नगर निगम और अन्य सरकारी खातों के 645 करोड़ रुपये के सरकारी फंड के गबन से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई। ईडी ने इस मामले में पीएमएलए 2002 के तहत जांच शुरू की थी। यह जांच हरियाणा पुलिस द्वारा फरवरी 2026 में दर्ज की गई एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। एफआईआर में हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक



और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में मौजूद बैंक खातों के बैलेंस में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। ताजा छापेमारी में कई बड़े ज्वेलर्स और उनसे जुड़ी कंपनियों को निशाना बनाया गया। जिन ठिकानों पर तलाशी ली गई उनमें मलिक ज्वेलर्स, केएलजी ज्वेलर्स और उसकी सहयोगी कंपनियां, एम.बी. गोल्ड ट्रेडर्स, श्याम ज्वेलर्स और सुंदर ज्वेलर्स शामिल हैं। इसके अलावा गौरव कंसल के ठिकानों पर भी छापा मारा गया, जिस पर अपराध से हुई कमाई को घुमाने और लेयरिंग करने में बिचौलिए के तौर पर काम करने का आरोप है।

जांच में सामने आया है कि गबन किए गए सरकारी पैसे को इन ज्वेलर्स के बैंक खातों के जरिए घुमाया गया और इसे बिजनेस लेन-देन के रूप में दिखाया गया। आरोप है कि अपराध से हुई कमाई को छिपाने और उसे वैध पैसे के तौर पर दिखाने के लिए आरोपियों की मिलीभगत से ये लेन-देन किए गए थे। जांच में यह भी पता चला है कि ये ज्वेलर्स हरियाणा सरकार के कई विभागों और चंडीगढ़ प्रशासन के बैंक खातों से निकले अपराध के पैसे को धोने में शामिल थे। आरोप है कि ज्वेलर्स के जरिए धोया गया यह पैसा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक धोखाधड़ी में शामिल आरोपी आईएएस अधिकारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों तक पहुंचा। इस मामले में सीबीआई ने पंचकूला की स्पेशल कोर्ट में तीसरी चार्जशीट भी दाखिल की है, जिसमें बैंक धोखाधड़ी मामले में छह हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को नामजद किया गया है। इससे पहले इसी केस में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

एजेंसी ने जांच के दौरान लगभग 211 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अटैच, जब्त और फ्रीज भी किया है। ईडी ने पंचकूला की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में 14 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत भी दाखिल की है। ताजा तलाशी अभियान में अपराध से हुई कमाई को अलग-अलग कंपनियों और बैंक खातों के जरिए घुमाने, छिपाने और वैध बताने से जुड़े कई और सबूत मिले हैं। छापेमारी के दौरान बरामद दस्तावेजों और अन्य सामग्री की जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

CMYK

page 8_Layout 1 29-09-2026 20:29 Page 1

1 अक्तूबर को नई दाना मंडी में लगेगा जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर

■ उपायुक्त द्वारा जिले के किसानों से अधिक से अधिक भागीदारी करने की अपील

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग फिरोजपुर द्वारा रबी की फसलों की काश्त संबंधी जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर 1 अक्तूबर (गुरुवार) को नई दाना मंडी फिरोजपुर छावनी में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विधायक फिरोजपुर ग्रामीण रजनीश कुमार दहिया, विधायक फिरोजपुर शहरी स.रणबीर सिंह भुल्लर, विधायक गुरूहरसहाय स. फौजा सिंह सरारी और विधायक जीरा नरेश कटारिया मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने साझा की। उपायुक्त ने जिले के समूह किसानों से इस प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि रबी की फसलों की सफल काश्त के लिए कृषि विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली तकनीकी जानकारी किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने कहा कि किसान खेतीबाड़ी से संबंधित नई तकनीकों और वैज्ञानिक सिफारिशों को अपनाकर फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने के साथ-साथ खेती लागत को भी घटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को रबी की विभिन्न फसलों की काश्त, बिजाई, खादों के सुचारू उपयोग, कीड़े-मकोड़ों और बीमारियों की रोकथाम सहित कृषि संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा की गई नई सिफारिशों के बारे में भी किसानों को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान कृषि और सहायक धंधों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जहां किसानों को विभिन्न कृषि तकनीकों, औजारों और अन्य संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा किसानों को विभिन्न प्रकार के कृषि इनपुट भी मुहैया कराए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी बलविंदर सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी की फसलों की वैज्ञानिक और सुचारू काश्त संबंधी विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम जानकारी मुहैया कराना है।

वक्त और रिश्तों का अनमोल रिश्ता

रिश्ते समय मांगते है, और समय ही रिश्तो की असली कीमत को बताता है



वक्त और रिश्तों का एक बड़ा अनमोल रिश्ता है। दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग वक्त के साथ रिश्तों को खो देते हैं, तो कुछ लोग रिश्तों में अपना वक्त खो देते हैं। इसलिए वक्त सबसे कीमती होता है।

जब कोई इंसान आपको अपना वक्त देता है, तो समझिए कि वह आपके लिए अपने जीवन का सबसे कीमती हिस्सा निकाल रहा है। पैसे से हर चीज़ खरीदी नहीं जा सकती। न रिश्ते, न प्यार और न ही समय। जिस इंसान को आपकी ज़रूरत नहीं होती, अगर वह फिर भी आपके साथ रहता है, आपका साथ देता है और आपका ख़याल रखता है, तो उसके पीछे कोई स्वार्थ नहीं होता। असली रिश्ता वही होता है, जिसमें बिना किसी कारण के जुड़ाव हो, बिना किसी वजह के प्यार हो और बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे का ख़याल रखा जाए। दर्द तो उस इंसान को होता है, जो बिना किसी वजह के आपसे जुड़ा रहता है, आपको प्यार करता है, आपका ख़याल रखता है और आपकी तकलीफ़ को भी अपने अंदर महसूस करता है। जब सामने वाला खुश नज़र नहीं आता, तो वह इंसान अंदर ही अंदर घुटता रहता है। वह अपनी भावनाओं को छिपाकर भी सामने वाले की खुशी चाहता है। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब वह इंसान अंदर से टूट जाता है। फिर वह मौन हो जाता है। उसे किसी बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता। उसके सामने चाहे जो हो, वह पहले की तरह प्रतिक्रिया नहीं देता, क्योंकि उसके भीतर बहुत कुछ ख़त्म हो चुका होता है।

इसलिए जो समय आज आपके पास है और जो इंसान आज आपसे लगाव रखता है, उसकी क़दर कीजिए और उसका सम्मान कीजिए। रिश्ते पल भर में बिखर जाते हैं, लेकिन उनके टूटने के बाद वही लोग दोबारा नहीं मिलते। उन्हें कितना भी ढूँढ़ लें, कई बार वे फिर कभी नहीं मिलते। इसलिए रिश्तों को समय दीजिए, अपनों की भावनाओं को समझिए और उस व्यक्ति की क़दर कीजिए जो आपके लिए अपना कीमती वक्त दे रहा है। क्योंकि समय बीत जाने के बाद केवल अफ़सोस रह जाता है, और खोए हुए रिश्ते हमेशा वापस नहीं आते।

Dr.Palak

घर-घर पहुंचकर रोल ऑब्जर्वर गुरप्रीत सिंह खैहरा ने की फॉर्मों की सुपर चेकिंग

■ कहा–मतदाता सूची की शुद्धता और हर योग्य नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फील्ड वेरिफिकेशन को दी जाए प्राथमिकता

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेठी : भारत निर्वाचन आयोग और पंजाब राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए रोल ऑब्जर्वर गुरप्रीत सिंह खैहरा, आईएएस ने जिला बरनाला के अपने दूसरे दौरे के दौरान जिला प्रशासनिक परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी हरप्रीत सिंह, आईएएस और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसके अलावा खारिज किए गए फॉर्मों की जमीनी स्तर पर सुपर चेकिंग भी की गई। चुनावी अमले के कामकाज की समीक्षा के बाद रोल ऑब्जर्वर ने दोपहर बाद तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों/घरों में पहुंचकर नई वोट के लिए आवेदन करने वाले लोगों, वोट स्थानांतरित करवाने तथा दस्तावेजों की कमी के कारण खारिज किए गए अन्य फॉर्मों की सुपर चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेजों संबंधी जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि आवेदकों और मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जरूरी दस्तावेजों की जांच करने के साथ-साथ फील्ड स्तर के तथ्यों का भी सत्यापन किया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखते हुए प्रत्येक योग्य नागरिक की मतदाता सूची में भागीदारी सुनिश्चित करना प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने ईआरओ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त नई वोट बनाने या नाम हटाने से संबंधित फॉर्मों की जांच केवल कार्यालयी रिकॉर्ड तक सीमित न रखी जाए, बल्कि आवश्यकता के अनुसार स्वयं फील्ड में जाकर तथ्यों की पुष्टि भी की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने से वंचित न रहे और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो। उन्होंने योग्य युवाओं के नए मतदाता के रूप में पंजीकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ दावों और आपत्तियों की सुपर चेकिंग को और मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को स्वयं फील्ड स्तर पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने पराली प्रबंधन जागरूकता वैनों को दिखाई हरी झंडी

पर्यावरण संरक्षण के लिए किसानों से कृषि मशीनरी का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील

■ पराली न जलाने वाले किसानों के लिए 'लकी ड्रॉ' योजना भी शुरू, किसानों से आवेदन करने का आह्वान

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली : धान की पराली जलाने के दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासनिक परिसर बरनाला से डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह, आईएएस ने जागरूकता वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग की ओर से 'पराली संभाल अभियान' के तहत चलाई गई ये वैनें धान की कटाई के सीजन के दौरान जिले के सभी ब्लॉकों के गांव-गांव जाकर किसानों को पराली न जलाने का संदेश देंगी।

इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिले में अब तक 5,170 पराली प्रबंधन कृषि मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। इस वर्ष भी किसानों द्वारा करीब 920 मशीनें खरीदी जा चुकी हैं। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष 'लकी ड्रॉ' योजना भी शुरू की गई है, जिसके लिए किसान आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पराली न जलाने और विभाग का सहयोग करने वाले किसानों को कृषि विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में सम्मानित भी किया जा रहा है। प्रशासन को उम्मीद है कि किसानों के सहयोग तथा कृषि, सहकारिता, ग्रामीण विकास और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकेगी। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. सुखपाल सिंह गिल ने किसानों, किसान समूहों, पंचायतों और सहकारी सभाओं के पास उपलब्ध कृषि मशीनरी का अधिक से अधिक उपयोग करके पराली को बिना जलाए उसका प्रबंधन करने में सहयोग देने की अपील की, ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि जागरूकता वैनों पर लगे ऑडियो सिस्टम के माध्यम से गीतों और संदेशों द्वारा प्रचार किया जाएगा। इसके अलावा गांवों में किसान प्रशिक्षण शिविर, स्कूल कार्यक्रम, व्हाट्सऐप संदेशों और दीवारों पर लिखे स्लोगनों के माध्यम से भी किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएसपी मोहम्मद सरफराज आलम, एडीसी (जनरल) विवेक कुमार मोदी, सहायक कृषि इंजीनियर बेअंत सिंह, सहायक नोडल अधिकारी (पराली प्रबंधन) सुनीता शर्मा सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल बरनाला का दौरा

जेल की बैरकों, रसोईघर और अन्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

डेली आवाज भारती



बरनाला/राकेश जेठी : माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला मिस अंशुल बेरी ने आज जिला जेल, बरनाला का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला के माननीय सचिव श्री मदन लाल भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष ने जेल बंदियों को पेश आ रही समस्याओं और उनकी जरूरतों का जायजा लिया तथा उन्हें हर संभव कानूनी सहायता एवं मदद उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने जेल की बैरकों, रसोईघर और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कैदियों और हवालातियों को जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही मुफ्त कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी। उन्हें माननीय हाईकोर्ट और माननीय सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की प्रक्रिया तथा अपील दायर करने के लिए निर्धारित समय-सीमा (लिमिटेशन पीरियड) के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला के सचिव श्री मदन लाल ने बताया कि जिला जेल बरनाला में जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण की ओर से लीगल एड क्लीनिक चलाया जा रहा है, जहां पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है। बंदी अपने मामलों से संबंधित किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या सहायता इस लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। दौरे के दौरान जेल बंदियों के कल्याण और जेल में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया गया। जिला प्रशासन बरनाला की ओर से जिला जेल बरनाला को एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा जेल विभाग, पंजाब की ओर से दो वाटर कूलर और एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई है। जेल में वेंटिलेशन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 30 एग्जॉस्ट फैन भी लगाए गए हैं। पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, एसएएस नगर की ओर से जिला जेल बरनाला में ई-कियोस्क की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके माध्यम से बंदियों को कानूनी सेवाओं और आवश्यक जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने में सुविधा होगी। इसके बाद ट्रेनिंग स्कूल का दौरा करते हुए यह भी देखा गया कि जेल में कैदियों और हवालातियों को अंग्रेजी विषय की ट्रेनिंग प्रदान की जा रही थी।

अमृतसर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अवैध हथियार और नशा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, 3 काबू

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब की अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस की ओर से की गई इस कार्रवाई की जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एक बड़ी कामयाबी में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 10 किलो हेरोइन, 2 एके राइफल, 4 मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की शुरुआती जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे तस्करों से जुड़े थे और राज्य में सप्लाई करने के लिए अवैध हथियार और नशीले पदार्थ हासिल कर रहे थे। डीजीपी ने आगे लिखा, अमृतसर के घरिंडा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और सप्लाई चेन की पूरी कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा, पंजाब पुलिस ड्रग तस्करी और अवैध हथियारों के नेटवर्क को खत्म करने तथा पंजाब को सुरक्षित और नशा-मुक्त राज्य बनाने के अपने संकल्प पर अडिग है। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई का एक दूसरा मामला मंगलवार को राजस्थान से सामने आया, जहां बारां जिला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन व्रज प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने दो कथित नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी करीब 9 करोड़ 94 लाख रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। कार्रवाई में वाहन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं। ऑपरेशन व्रज प्रहार के तहत मुरली मीणा और घांसीलाल मीणा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ के वार्ड नंबर 9 और 10 में 1.18 करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू करवाए

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): खरड़ के वार्ड नंबर 9 और 10 में करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत हलका खरड़ के इंचार्ज एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड, पंजाब परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा की गई। इन विकास कार्यों के तहत सड़कों के निर्माण के साथ-साथ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किए जाएंगे। वार्ड नंबर 9 में शहीद भगत सिंह मार्केट, सनातन धर्म मंदिर के नजदीक सड़क निर्माण का कार्य 49.50 लाख रुपये की लागत से शुरू किया गया। वहीं वार्ड नंबर 10 में बी ब्लॉक में स्टॉर्म पाइप डालने के लिए 24.97 लाख रुपये, सी ब्लॉक की गलियों में स्टॉर्म पाइप डालने के लिए 18.88 लाख रुपये तथा सी ब्लॉक में सड़क निर्माण के लिए 24.60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस मौके पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि खरड़ शहर के विभिन्न वार्डों में लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों तथा बरसाती पानी की निकासी से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास से जुड़े जरूरी कार्यों को प्राथमिकता देकर पूरा करवाया जा रहा है तथा लोगों को पेश आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया सहित नगर कौंसिल का कार्यालय स्टाफ, हाकम सिंह, राम सरूप, हरमीत सिंह, प्रिंस धालीवाल, मास्टर जगदीश, सुखविंदर बाठ सहित स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में क्षेत्र निवासी मौजूद रहे।

राजस्थान में 46.4 मेगावॉट विंड-सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट लगाएगी न्युवोको

डेली आवाज भारती



पानीपत: बिल्डिंग मटीरियल कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने राजस्थान में 46.4 मेगावॉट के विंड-सोलर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। परियोजना से न्युवोको के सीमेंट ऑपरेशन्स के लिए स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने और कंपनी की दीर्घकालिक डीकार्बोनाइजेशन रणनीति को मजबूती देने की उम्मीद है। राजस्थान के भीखमखोर में क्लीनमैक्स इस परियोजना को इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर (आईपीपी) के रूप में विकसित करेगा। परियोजना में 20 मेगावॉट की विंड क्षमता और 26.4 मेगावॉट डीसी की सोलर क्षमता शामिल होगी। इसके साथ 2 मेगावॉट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) भी लगाया जाएगा। परियोजना से उत्पादित बिजली स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) के ओपन एक्सेस नेटवर्क के जरिये न्युवोको को उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी के अनुसार, परियोजना के चालू होने के बाद इससे सालाना करीब 100 मिलियन यूनिट (एमयू) रिन्यूएबल बिजली पैदा होने की उम्मीद है। इससे न्युवोको की कुल बिजली खपत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही पारंपरिक और जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली पर निर्भरता कम करने का लक्ष्य है। न्युवोको के मुताबिक, इस पहल से सालाना लगभग 1,25,485 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसमें स्कोप-1 और स्कोप-2 उत्सर्जन शामिल हैं। न्युवोको के मैनेजिंग डायरेक्टर जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि क्लीनमैक्स के साथ साझेदारी राजस्थान में कंपनी के ऑपरेशन्स में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ ऊर्जा मिश्रण को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इससे लंबे समय में लागत बचत और पारंपरिक बिजली स्रोतों पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिल सकती है। क्लीनमैक्स के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर कुलदीप जैन ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों में क्लीन एनर्जी को मुख्य ऑपरेशन्स और दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बनाने की दिशा में बदलाव हो रहा है। उनके अनुसार, यह हाइब्रिड परियोजना न्युवोको की डीकार्बोनाइजेशन यात्रा को समर्थन देने के साथ लंबे समय की लागत निश्चितता में मदद करेगी। यह परियोजना न्युवोको के डीआईआरई (डिजिटलाइजेशन, इनोवेशन एंड रिन्यूएबल्स) एजेंडे का हिस्सा है। कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी के साथ वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम, ऊर्जा दक्षता उपायों और वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के जरिये अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन्स की कार्बन इंटेंसिटी कम करने पर भी काम कर रही है।

7 परियोजना की खास बातें

कुल क्षमता: 46.4 मेगावॉट
विंड क्षमता: 20 मेगावॉट
सोलर क्षमता: 26.4 मेगावॉट डीसी
बैटरी स्टोरेज: 2 एमडब्ल्यूएच
अनुमानित वार्षिक उत्पादन: करीब 100 एमयू
अनुमानित वार्षिक ष्टह कमी: 1,25,485 टन
स्थान: भीखमखोर, राजस्थान

CMYK